संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 25 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को मुंबई लोकल में सफर का अनुभव लिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को लाखों मुंबईकरों के दैनिक आवागमन के साधन शहर की प्रतिष्ठित लोकल ट्रेन में सफर किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 54 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## हल्द्वानी हिंसा का मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नैनीताल**

हल्द्वानी हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक को उत्तराखंड पुलिस ने शनिवार को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। आईजी नीलेश आनंद भरणे ने अब्दुल मलिक की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। आठ फरवरी को बनभूलपुरा हिंसा के बाद से अब्दुल मलिक फरार चल रहा था। हल्द्वानी हिंसा के बाद पुलिस ने अब्दुल मलिक और उसकी पत्नी सहित छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला भी दर्ज किया गया था। हिंसा के बाद से पुलिस ने उसकी संपत्ति को भी कुर्क किया था।

**ये था मामला:** आठ फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में मलिक के बगीचे में अवैध मदरसा और धर्मस्थल ढहाने गई पुलिस और प्रशासन की टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया था। पथराव में सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, रामनगर कोतवाल समेत 300 से अधिक पुलिसकर्मी और निगमकर्मी घायल हो गए। उपद्रवियों ने बनभूलपुरा थाना भी फूंक दिया। पुलिस की जीप, जेसीबी, दमकल की गाड़ी दोपहिया समेत 70 से अधिक वाहन फूंक दिए गए। आंसू गैस के गोले दागने और लाठी चार्ज के बाद भी जब हालात काबू में नहीं आए, तो सबसे पहले अधिकारी जान बचाने के लिए मौके से भागे। पुलिस व निगम टीम जैसे-तैसे वहां से निकली। प्रशासन ने उपद्रवियों को देखते ही पैर में गोली मारने के आदेश दिए हैं। पिता-पुत्र समेत छह लोगों की गोली लगने से मौत हो गई थी।? हल्द्वानी हिंसा में करोड़ों की सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। हिंसा के बाद से पुलिस लगातार उपद्रवियों की धरपकड़ के लिए कार्रवाई कर रही है। हिंसा का मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक और उसका बेटा मोईद फरार चल रहे थे, जिसके बाद अब अब्दुल मलिक की गिरफ्तारी हो गई है।

**मास्टरमाइंड मलिक, उसकी पत्नी समेत छह लोगों के खिलाफ पुलिस ने किया था मुकदमा दर्ज:** सरकारी जमीन हड़पने, मरे हुए व्यक्ति के नाम से शपथ पत्र देने, न्यायालय में मरे हुए व्यक्ति के नाम से रिट डालने के मामले में नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने कोतवाली में तहरीर सौंपी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अब्दुल मलिक, उसकी पत्नी साफिया मलिक सहित छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, आईपीसी 417 और 120 बी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

**16 फरवरी को जारी हुए थे आरोपियों के पोस्टर:** 16 फरवरी को नैनीताल पुलिस ने अब्दुल मलिक समेत नौ लोगों के पोस्टर जारी किए थे। इस दौरान एसएसपी ने बताया कि फरार आरोपियों के पोस्टर हल्द्वानी समेत पूरे नैनीताल जिले और सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किए गए है।

### आदर्श विचार



"जो मुझे सर्वत्र देखता है और सब कुछ मुझमें देखता है।"
भागवद्

### मन की बात



"सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




# दिल्ली में कांग्रेस-आप के बीच डील पक्की

### कांग्रेस महासचिव और सांसद मुकुल वासनिक ने कहा कि दिल्ली लोकसभा में सात सीटें हैं। इनमें से आम आदमी पार्टी चार सीटों पर चुनाव लड़ेगी

**लोकसभा चुनाव**

> 8 पंजाब और चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं हुआ है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सीट बंटवारे की घोषणा कर दी गई है। कांग्रेस महासचिव और सांसद मुकुल वासनिक ने कहा कि दिल्ली लोकसभा में सात सीटें हैं। इनमें से आम आदमी पार्टी चार सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इनमें नई दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली और पूर्वी दिल्ली शामिल हैं। कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इनमें चांदनी चौक, उत्तर पूर्व और उत्तर पश्चिम पर चुनाव लड़ेगी। इसके साथ कांग्रेस और आप के बीच गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़ और गोवा में सीट बंटवारे की घोषणा हुई। हालांकि पंजाब और चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं हुआ है। दोनों पार्टियों अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरेंगी। चंडीगढ़ सीट कांग्रेस के खाते में आई है। हरियाणा में नौ सीट पर कांग्रेस और एक सीट पर आप लड़ेगी।





### आलाकमान के आदेश का पालन होगा: लवली

**दिल्ली** में कांग्रेस और आप के बीच हुए सीट बंटवारे को लेकर दिल्ली कांग्रेस प्रमुख अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि इस बार कांग्रेस और आप लोकसभा चुनाव 2024 एक साथ लड़ेंगे। कांग्रेस उत्तर पूर्व, चांदनी चौक और उत्तर पश्चिम सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं दूसरी तर आप नई दिल्ली, पश्चिम दिल्ली, दक्षिण दिल्ली और पूर्व दिल्ली से चुनाव लड़ेंगे। इंडिया गठबंधन के एक हिस्से के रूप में हमने पहले भी कहा था कि हम आलाकमान के आदेश का पालन करेंगे।

**कांग्रेस महासचिव ने दी जानकारी:** कांग्रेस महासचिव और सांसद मुकुल वासनिक ने कहा कि हरियाणा में 10 लोकसभा सीटें हैं. कांग्रेस 9 पर चुनाव लड़ेगी। एक सीट-कुरुक्षेत्र पर आप के उम्मीदवार होंगे। आगे कहा कि चंडीगढ़ पर लंबी चर्चा के बाद अंत में यह निर्णय लिया गया कि कांग्रेस का उम्मीदवार वहां से चुनाव लड़ेगा।

ऐसे हुआ दिल्ली की सीटों का बंटवारा

कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक ने कहा कि दिल्ली लोकसभा में सात सीटें हैं। आप 4 पर चुनाव लड़ेगी। जिसमें नई दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली और पूर्वी दिल्ली शामिल है। कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसमें चांदनी चौक, उत्तर पूर्व और उत्तर पश्चिम पर चुनाव लड़ेगी।

### आप-कांग्रेस गठबंधन पर मनोज तिवारी का तंज

**दिल्ली** में आप और कांग्रेस के बीच हुए गठबंधन को लेकर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि आपने सुना होगा चोर चोर मौसेरे भाई। यह आप और कांग्रेस के बीच हो रहा है। आप के कार्यकर्ता निराश हैं क्योंकि अरविंद केजरीवाल कांग्रेस के नेताओं को जेल में डालने की बात कहा करते थे। लेकिन आज वह उनके कदमों में हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता भी इससे निराश हुए हैं। आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल और आप ने 15 साल तक दिल्ली में शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी को बाहर कर दिया था और अब केजरीवाल राहुल गांधी के साथ मंच साझा कर रहे हैं। आज भाजपा और नरेंद्र मोदी हर किसी के दिल में हैं। दिल्ली के लोग इसका फैसला करेंगे। क्योंकि आज यह साफ हो गया है कि आप के बड़े नेता और कांग्रेस एक ही हैं।

## 1 जुलाई से देश में लागू होंगे तीन नए आपराधिक कानून

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए एक जुलाई से तीन नए कानून लागू होंगे। ये तीन कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम हैं। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 सितंबर को संसद से मंजूरी मिली थी। उसके बाद 25 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी उन्हें मंजूरी दी थी।

**गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना:** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) की ओर से तीन अधिसूचनाएं जारी की गई हैं। इनके मुताबिक नए कानूनों के प्रावधान एक जुलाई से लागू होंगे। ये कानून औपनिवेशिक काल की भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की जगह लेंगे। तीनों कानूनों का मकसद विभिन्न अपराधों और उनकी सजाओं को परिभाषा देकर देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलना है।

## ट्रैक्टर ट्रॉली तालाब में गिरी: 24 हुई मरने वालों की संख्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**कासगंज:** उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में जो ट्रैक्टर ट्रॉली तालाब में गिरी उसमें एटा जिले के नगला कसा के महिलाओं और बच्चों सहित 52 लोग सवार थे। इन सभी को बाहर निकाल लिया गया है, लेकिन छह माह का मासूम अभी भी लापता है। उसकी तलाश के लिए तालाब से पानी निकाला जा रहा है। वहीं इस हादसे में मरने वालों की संख्या 24 पहुंच गई है। पटियाली-दरियावगंज मार्ग पर ककराला गांव के तालाब में ट्रैक्टर ट्रॉली के हादसे में छह माह बालक अभी लापता है, जिसका मुंडन कराने के लिए परिवार के लोग कादरगंज गंगाघाट पर गंगास्नान के लिए जा रहे थे।

# पेपर लीक: यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा रद्द

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते 17 व 18 फरवरी को आयोजित पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 को निरस्त करते हुए अगले 06 माह के भीतर पूरी शुचिता के साथ दोबारा परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उक्त परीक्षा के संबंध में जारी एसटीएफ की जांच और अब तक की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए शनिवार को मुख्यमंत्री ने यह निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्षा की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर गृह विभाग ने परीक्षा निरस्त करने का आदेश भी जारी कर दिया है। जारी आदेश के मुताबिक 17 व 18 फरवरी, 2024 को सम्पन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा के संबंध में प्राप्त तथ्यों एवं सूचनाओं के परीक्षण के आधार पर शुचिता एवं पारदर्शिता के उच्चतम मानकों के दृष्टिगत इस परीक्षा को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। शासन ने भर्ती बोर्ड को यह निर्देश दिए है कि जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



**फैसला**

> 8 युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्षा की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता: मुख्यमंत्री

## कश्मीर: नार्को-टेरर फंडिंग मामले में चार संपत्तियां की कुर्क

**टीम एक्शन इंडिया**

**जम्मू और कश्मीर:** कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले फंडिंग नेटवर्क को खत्म करने की दिशा में एक बड़े कदम उठाते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हंदवाड़ा नार्को-आतंकवाद मामले में चार संपत्तियों को कुर्क किया है और नकदी जब्त की है। ये संपत्ति दो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन, लश्कर-ए-तैयबा ( लश्कर) और हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) से जुड़ी हुई हैं। जानकारी के मुताबिक, एनआईए द्वारा कुपवाड़ा जिले की हंदवाड़ा तहसील में चार आरोपियों की संपत्तियों को कुर्क किया गया है, जिसमें यूए (पी) अधिनियम की धारा 25 के तहत कुल 2.27 करोड़ रुपये नकद भी जब्त किए गए हैं। कुर्क की गई अचल संपत्तियों में आरोपी अफाक अहमद वानी का दो मंजिला घर, आरोपी मुनीर अहमद पांडे का एक मंजिला घर, सलीम अंद्राबी का घर और इस्लाम उल हक का दो मंजिला घर शामिल हैं।

## जो जुड़ेंगे वो जीतेंगे, जो बटेंगे वो कुचल दिए जाएंगे: राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबाद:** संभल पहुंचने पर यात्रा का स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का स्वागत किया। इसके अलावा उत्साह से नारे भी लगाए।

**यूपी में दिखा न्याय यात्रा का असर:** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा का असर यूपी में देखने को मिला है। पेपर लीक होने मुद्दा राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने जोरदार तरीके से उठाया था। अब इसका असर देखने को मिल गया है। दोनों नेताओं के आवाज उठाने के बाद यूपी सरकार को सिपाही भर्ती लिखित परीक्षा को रद्द करना पड़ा है। सभी को न्याय दिलाने के लिए यात्रा जारी है। यात्रा के बीच राहुल ने एक्स पर लिखा, छात्र शक्ति और युवा एकता की बड़ी जीत की वजह से उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा आखिरकार निरस्त कर दी गई। इससे संदेश साफ है, सरकार कितना भी सच को दबाने की कोशिश करे, एकजुट होकर लड़ने से ही अपना हक जीता जा सकता है। जो जुड़ेंगे वो जीतेंगे, जो बटेंगे वो कुचल दिए जाएंगे।

**भारत न्याय यात्रा**

> 8 पेपर लीक होने मुद्दा राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने जोरदार तरीके से उठाया था: जयराम रमेश

**अमरोहा से संभल के लिए रवाना हुआ काफिला:** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा अमरोहा से होते हुए संभल के लिए रवाना हो गई।

कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी गांधी मूर्ति पर जनसभा करेंगे लेकिन वह बिना रुके ही आगे बढ़ गए। यात्रा मुरादाबाद से अमरोहा बार्डर पर कैलसा क्षेत्र में पहुंची।



# दिल्ली-हरियाणा के सिंघु और टिकरी बॉर्डर खुलने शुरू

## पश्चिमी दिल्ली के टीकरी बॉर्डर और बाहरी दिल्ली के सिंघु बॉर्डर पर सड़कों को खोलने का काम किया जा रहा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली बॉर्डर के पास किसानों के दिल्ली कूच करने के एलान को लेकर बंद किए गए रोड को खोलने का काम किया जा रहा है। पश्चिमी दिल्ली के टीकरी बॉर्डर और बाहरी दिल्ली के सिंघु बॉर्डर पर सड़कों को खोलने का काम किया जा रहा है। सीमेंट से लगी बैरिकेडिंग क्रेन से हटाई जा रही है। साथ ही सीमेंट से बनाए बड़े गतिअवरोधक बुलडोजर से तोड़े जा रहे हैं। सिंघु बार्डर पर अर्थमूवर की ओर से दिल्ली से हरियाणा की ओर जाने वाले लोगों के लिए सर्विस लेन खोली जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जल्द ही हरियाणा से दिल्ली की ओर जाने वाली सर्विस लेन भी लोगों के लिए खोल दी जाएगी। इससे खासकर आसपास के लोगों को भारी राहत मिलेगी।





**जल्द ही और सड़कें भी खुलेंगी:** पुलिस सूत्रों के मुताबिक जल्द ही हरियाणा से दिल्ली की ओर जाने वाली सर्विस लेन को भी लोगों के लिए खोल दी जाएगी। फिलहाल दोनों तरफ केवल एक लेन ही खोली जा रही है। पुलिस सूत्रों की माने तो यह कार्रवाई दिल्ली पुलिस आयुक्त के आदेश पर की जा रही है। इस कार्रवाई के होने से आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली है। खासकर सीमा स्थित दुकानदारों व स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया। वहीं, कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों का कहना है कि कई फैक्ट्रियों में कच्चे माल की किल्लत शुरू हो गई थी। जिससे काम प्रभावित हो रहा था। अब सीमा पर दोनों तरफ से एक लेन खुलने से उनके बीच एक उम्मीद जगी है कि जल्द ही कच्चा माल आने से कामकाज सामान्य हो जाएगा। सीमा के आसपास पेट्रोल पंप मालिकों में भी थोड़ी उम्मीद जगी है।

**खुला टीकरी बॉर्डर:** पश्चिमी दिल्ली में किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए 13 फरवरी को बंद किए गए टीकरी बॉर्डर को खोलने का काम शुरू हो गया है। संभावना जताई जा रही है कि देर रात तक बॉर्डर का रास्ता खोल दिया जाएगा। बॉर्डर पर खड़े किए गए ट्रकों को हटा दिया गया है। कंटेनर भी उठाए जा रहे हैं, ज्यादातर को उठा लिया गया है।

पुलिस अधिकारी का कहना है कि पहले बॉर्डर पर रोड की एक-एक लेन को खोला जाएगा। रात को उन बैरिकेड को भी हटाया जाएगा, जिन पर कंक्रीट डालकर पक्की दीवार की तरह बना दिया गया था।

**मिलेगी राहत**

8 सीमेंट से लगी बैरिकेडिंग क्रेन से हटाई जा रही है। बड़े गतिअवरोधक बुलडोजर से तोड़े जा रहे हैं

# गठबंधन के बाद धरी रह जाएगी बीजेपी की रणनीति'




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: लोकस**भा चुनाव के मद्देनजर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच चुनावी गठबंधन की घोषणा शनिवार को की गई। दिल्ली में आप चार और कांग्रेस तीन सीटों पर लड़ेगी। हरियाणा गुजरात और गोवा में भी दोनों दल मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। आप को हरियाणा में एक और गुजरात में दो सीट दी गई है। वहीं आप सांसद संदीप पाठक ने गठबंधन को लेकर बड़ा दावा किया है। आप-कांग्रेस सीट बंटवारे पर आप सांसद संदीप पाठक ने कहा, "गठबंधन देश हित को देखकर बनाया गया है। कुछ सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी, जबकि कुछ सीटों पर आप चुनाव लड़ेगी। लेकिन सच तो यह है कि हम साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे और इसमें क्ठउक्रअ जीतेगा।" उन्होंने कहा कि इस गठबंधन के बाद बीजेपी की सारी रणनीति धरी की धरी रह जाएगी। उनका सपना अधरा रह जाएगा।

# 'भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए आप ने कांग्रेस के सामने टेके घुटने'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा ने शनिवार को कांग्रेस-आप गठबंधन की आलोचना करते हुए इसे भ्रष्टाचारियों का गठबंधन बताया। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी और दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिन राज्यों में गठबंधन मायने रखता है- चाहे वह गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़, गोवा या राष्ट्रीय राजधानी हो 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा को 50 प्रतिशत से अधिक वोट मिले हैं। लेखी ने अतीत में कांग्रेस के खिलाफ आप नेताओं द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के कई आरोपों का हवाला देते हुए कहा, यह 'भ्रष्ट' गठबंधन उन लोगों के खिलाफ काम नहीं करेगा जो लोगों की सेवा करने के लिए जाने जाते हैं। उधर, सचदेवा ने कहा कि यह कदम दिखाता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवासियों के साथ अपना संबंध खो दिया है।

वहीं, लेखी ने कहा कि केजरीवाल न केवल 2004-14 के दौरान केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के अधिकांश मंत्रियों को भ्रष्ट बताते थे, बल्कि उन्होंने राजीव गांधी से भारत रत्न वापस लेने की भी मांग की थी। उन्होंने कहा, जिन दो पार्टियों में अपने पैरों पर खड़े होने की ताकत नहीं है, उन्होंने एक-दूसरे का समर्थन करने का फैसला किया है, लेकिन यह काम नहीं करेगा। कांग्रेस-आप गठबंधन पर टिप्पणी करते हुए सचदेवा ने कहा कि भाजपा दिल्ली में सभी सात लोकसभा सीटें फिर से जीतेगी।

उन्होंने दावा किया कि दिल्ली विधानसभा में 62 विधायकों वाली आप ने गठबंधन की आड़ में अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए कांग्रेस के सामने घुटने टेक दिए हैं, जिसके पास कोई विधायक नहीं है।

**निशाना बनाया**

8 यह कदम दिखाता है कि मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों के साथ अपना संबंध खो दिया है : भाजपा

# न्यूजक्लिकः जांच के लिए पुलिस को दिया 20 दिन का समय

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने गैरकानूनी प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में न्यूज पोर्टल के संस्थापक और एडिटर इन चीफ प्रबीर पुरकायस्थ और न्यूज पोर्टल के एचआर हेड अमित चक्रवर्ती के खिलाफ जांच पूरी करने के लिए शुक्रवार को दिल्ली पुलिस को 20 दिन का और समय दिया है। गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967, इन आरोपों के बाद कि न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक को चीन समर्थक प्रचार के लिए भारी धन प्राप्त हुआ।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पवन कुमार ने जांच की समय बढ़ाते हुए जांच पूरी करने में लंबा समय लेने के लिए दिल्ली पुलिस की खिंचाई भी की और पूछा कि उन्होंने 150 दिनों की जांच में क्या किया है। यदि उन्होंने इन दिनों का उपयोग किया होता तो उन्हें विस्तार की आवश्यकता नहीं होती।

# इतना फोड़ूंगी न तुझेः दिल्ली मेट्रो में भिड़ीं दो लड़कियां, थप्पड़ जड़े...

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली मेट्रो आए दिन सोशल मीडिया पर वायरल होते वीडियो को लेकर सुर्खियों में रहती है। कभी किसी के बीच मारपीट, कभी डांस तो कभी रोमांस के वीडियो वायरल होते रहते हैं। जबकि डीएमआरसी कई बार यात्रियों को चेतावनी जारी कर चुकी है। हाल ही में एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें दो लड़कियां सीट को लेकर एक दूसरे से भीड़ गईं। दोनों के बीच काफी बहस हुई, नौबत मारपीट तक आ गई। इतना ही नहीं धमकी तक देने लगे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में एक सीट के पास दो लड़कियां खड़ी हैं। एक महिला सीट के पास खड़े होकर अंग्रेजी में कहती है कि हाउ डेयर यू टच मी। इससे पहले ही दोनों के बीच बहस होती है और एक दूसरे को धक्का दे देती हैं। पहली लड़की जवाब में थप्पड़ मार देती है और इतना ही नहीं टांग अड़ाकर गिराने की कोशिश भी करती है। लेकिन दूसरी लड़की पलटवार करते हुए मारती है। दोनों के बीच तू तू मैं मैं शुरू हो जाती है। दूसरी लड़की कहती है कि तू जानती नहीं है मैं कौन हूं, तुझे इतना फोड़ूंगी न। आगे कहती है कि मैं एक सिंगर हूं। ऐसा पहली बार नहीं है कि जब सीट को लेकर बवाल मचा हो। महिलाओं में ही नहीं पुरूषों में भी सीट को लेकर मार पिटाई हो जाती है।



**जायका-ए-दिल्ली: दिल 'बेकरार' कर देंगे छोले...**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पुरानी दिल्ली के बेकरार छोले खाने का मन है या परांठे वाली गली का परांठा, जामा मस्जिद की बिरयानी या फिर दौलत की चाट और जलेबी-रबड़ी। यदि सब कुछ खाना चाहते हैं पर फिलहाल पुरानी दिल्ली जाने का मन, मूड नहीं है, तो आइए न पांच सितारा होटल में आपके लिए पूरी पुरानी दिल्ली बसी है। पुरानी दिल्ली की गलियां हैं, वही खानसामा हैं, खारी बावली के मसालों की खुशबू है तो भविष्य बताने वाला तोता और पुराने जमाने का पीसीओ भी। पुरानी दिल्ली के जायकों का आनंद लेने के लिए आप ड्राइवर को लोकेशन तो मयूर विहार के क्राउन प्लाजा की बताएंगे, लेकिन वहां पहुंचकर आप पुरानी दिल्ली की गलियों की हर मशहूर दिल जीत चीज देखेंगे। पुरानी दिल्ली के अतीत से रची गई ये जगह ऐसे नजर आएगी कि आप कभी वहां की हवेलियों के छज्जों में खुद को खड़ा महसूस करेंगे या कभी खुद को पीसीओ बूथ में जाकर नंबर डायल करते देखेंगे।




# सीएम मनोहर लाल ने किया 821 करोड़ की 5 परियोजनाओं का शिलान्यास

## 2030 तक हर जिले में शुरू हो जाएगा मेडिकल कॉलेज : मनोहर लाल

**विकास कार्य**

8 2030 तक प्रदेश के हर जिला में मेडिकल कॉलेज शुरू हो जायेगा। सरकार बचाव और उपचार दोनों क्षेत्रों में आगे बढ़ रही

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज यहां कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार में स्वास्थ्य क्षेत्र की 820.92 करोड़ की 5 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 2030 तक प्रदेश के हर जिला में मेडिकल कॉलेज शुरू हो जायेगा। सरकार बचाव और उपचार दोनों क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है। योग सहायकों को अल्पावधि का डायटिशियन का कोर्स कराया जायेगा। सभी नागरिकों के लिये यूनिवर्सल हेल्थ इंश्योरेंस कवर करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। मुख्यमंत्री ने आज यहां 5 परियोजनाओं को शिलान्यास किया। इनमें 169.58 करोड़ की लागत से कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कालेज के द्वितीय चरण का निर्माण, 33.41 करोड़ की लागत से पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय कुटेल में प्राइवेट वार्ड का निर्माण, 419.13 करोड़ की लागत से भगत फूल सिंह राजकीय मेडिकल कालेज खानपुर कलां (सोनीपत) के तृतीय चरण का निर्माण, 155.36 करोड़ की लागत से पंडित भगवत दयाल शर्मा पीजीआईएमएस रोहतक में प्राइवेट वार्ड कॉम्प्लेक्स का निर्माण और 43.44 करोड़ की लागत से राजकीय नर्सिंग कॉलेज सफीदों (जींद) का निर्माण शामिल है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा चिकित्सा क्षेत्र में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। सरकार ने डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने के लिए 2015 में हर जिला में मेडिकल कॉलेज खोलने का निर्णय लिया था। आज प्रदेश के 12 जिलों में मेडिकल कॉलेज शुरू हो चुके हैं। रेवाड़ी में हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 वें एम्स का शिलान्यास किया है। नौ अन्य जिलों में मेडिकल कॉलेज प्रक्रियाधीन हैं। तीन कॉलेजों के लिये जमीन ले ली गई है, वहां संभव हुआ तो आचार संहिता लागू होने से पहले शिलान्यास कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि 2030 तक हर जिला में मेडिकल कॉलेज शुरू हो जायेगा। सीएम ने कहा कि 2014 में प्रदेश में एमबीबीएस की 750 सीटें थी और इनकी संख्या बढक? 21 सौ हो गई हैं। 2030 में सभी जिलों में मेडिकल कालेज शुरू होने के बाद एमबीबीएस में प्रवेश के लिये 36 सौ सीटें उपलब्ध होंगी। आज प्रदेश में 28 हजार डॉक्टरों की जरूरत है। 2030 तक यह आवश्यकता 35 से 40 हजार तक हो सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले 6 साल में इस जरूरत को पूरा कर लिया जाएगा। सरकार का प्रयास है कि हर गांव में आबादी अनुसार एक या दो डॉक्टर उपलब्ध कराये जायें।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना पहले बीपीएल परिवारों के लिये थी और उसमें आय सीमा 1.20 लाख रुपये थी जिसे बढ़ाकर सरकार ने 1.80 लाख किया। ऐसा करने से 29 लाख परिवार इसके तहत कवर हुये। फिर आय सीमा 1.80 से बढ़ाकर 3 लाख रुपये तक की गई। इसके तहत योजना का लाभ उठाने वालों के लिये 15 सौ रुपये सालाना प्रीमियम निर्धारित किया गया। ऐसा करने से योजना में 7 लाख परिवार और बढ़ गये। अब सरकार ने आय सीमा हटाकर सभी के लिये योजना लागू करने का निर्णय लिया है। तीन से छह लाख आय वालों को सालाना 4 हजार और 6 लाख से अधिक आय वालों को 5 हजार रुपये प्रीमियम अदा करना होगा। सभी नागरिकों के लिये यूनिवर्सल हेल्थ इंश्योरेंस कवर करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने स्वास्थ्य बजट में 24 प्रतिशत की वृद्धि करके इसे 9500 करोड़ का किया है। निरोगी योजना के तहत 2 साल के अंदर हर नागरिक की स्वास्थ्य जांच की जायेगी।

अब तक 2 करोड़ 26 लाख लोगों के लैब टेस्ट किये जा चुके हैं। राज्य में 6 साल तक 17 हजार के बच्चों के स्वास्थ्य की जांच में कोई न कोई कमी पाई गई। इन्हें इलाज की सलाह दी गई है।





### धाकड़ किसान, धाकड़ जवान व धाकड़ पहलवान है हरियाणा की

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा की पहचान धाकड़ किसान,धाकड़ जवान व धाकड़ पहलवानों से है। प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए जहां इन्फ्रास्ट्रक्चर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, वहीं खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता के अलावा नौकरियों में भी ए, बी, सी श्रेणी के तहत आरक्षण देकर उनका भविष्य सुरक्षित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए पहले से ही 1100 खेल नर्सरियां चल रही हैं और इस बार बजट में 400 और नई खेल नर्सरियां खोलने का फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में विजेता रहने वाले खिलाड़ियों को पूरे देश में सबसे ज्यादा प्रोत्साहन राशि दी जाती है। ओलम्पिक स्वर्ण विजेता को 6 करोड़ रुपये की राशि दी जाती है जोकि किसी भी प्रदेश से सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण देकर उनको आर्थिक रूप से सुदृढ़ किया जाता है। उन्होंने बताया कि सरकारी नौकरी की ए, बी, सी श्रेणी के 500 पद सृजित किए गए, इनमें से 223 पदों को भरा जा चुका है। इसके अलावा, जल्द ही ग्रुप डी के 13 हजार पदों के परिणाम आने है, उनमें भी 1300 खिलाड़ियों को नौकरी दी जाएगी भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री द्वारा बनाई गई नई खेल नीति की सराहना की और कहा कि उसी के परिणाम स्वरूप प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवंम अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रदेश एवं देश के लिए पदक लेकर आ रहे हैं।

# हरियाणा में मिलकर लड़ेंगे कांग्रेस और आप

## कुरुक्षेत्र सीट आप को दी गई, चंडीगढ़ कांग्रेस ने रखी



**सीट बंटवारा**

8 चंडीगढ़ सीट कांग्रेस के खाते में आई है। नौ सीट पर कांग्रेस और एक सीट कुरुक्षेत्र पर आप चुनाव लड़ेगी

**दीपिका शर्मा**
**चंडीगढ़**

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के पंजाब की लोकसभा सीटो पर अलग अलग चुनाव लडने के फैसले के बाद दोनो दलों ने चंडीगढ़ और हरियाणा की सीटो का बटवारा कर लिया है। दोनो प्रदेशों में कांग्रेस और आप के बीच सीटों को लेकर सहमति बन गई है। सहमति के अनुसार चंडीगढ़ सीट कांग्रेस के खाते में आई है। हरियाणा में नौ सीट पर कांग्रेस और एक सीट कुरुक्षेत्र पर आप चुनाव लड़ेगी।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पहले ही एलान कर चुके थे कि पार्टी पंजाब में अकेले ही चुनाव लड़ेगी। यही कारण है कि कार्यकताओं को जमीनी स्तर पर इसकी तैयारी शुरू करने के निर्देश दे दिए गए हैं। आप व कांग्रेस दोनों ही के लिए अकेले चुनाव लड़ने का प्रमुख कारण है कि दोनों पार्टियों के मुख्य नेता और कार्यकर्ता एक साथ चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं हो रहे थे। यही कारण है कि ऐसे में पार्टी हाईकमान उन पर किसी भी तरह का फैसला थोपना नहीं चाहती था। दूसरी तरफ आप भी इस बार लोकसभा चुनाव में अपनी स्थिति मजबूत मान कर चल रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 117 में से 92 सीटों पर जीत दर्ज की थी। ऐसे में लोकसभा चुनाव में भी पार्टी को ऐसे ही परिणाम मिलने की उम्मीद है। इसी तरह पिछले साल मई में जालंधर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भी आप उम्मीदवार सुशील कुमार रिंकू ने भारी मतों से जीत दर्ज की थी।

आप ने हरियाणा में तीन सीटों पर अपनी दावेदारी जताई थी। यह तीनों सीटें पंजाब से लगते इलाकों की हैं। पार्टी की ओर से यह प्रस्ताव कांग्रेस के नेताओं को सौंप दिया गया था। हालांकि पार्टी को हरियाणा में गठबंधन में एक ही सीट मिली है। आम आदमी पार्टी कुरुक्षेत्र, अंबाला और सिरसा सीट पर चुनाव लड़ना चाहती थी। ये तीनों सीटें पंजाब से लगते इलाकों से जुड़ी हुई हैं।

# किसानों के लिए मनोहर सरकार का बड़ा ऐतिहासिक फैसला

**वचनबद्धता**

8 ब्रिटिश शासन से नहरी पानी की आपूर्ति पर किसानों से लिया जाने वाला आबियाना

**अंकुश जैन**

**चंडीगढ़:** पिछले साढ़े 9 सालों में हरियाणा के किसानों के हितों व उनके कल्याण के प्रति वचनबद्धता का परिचय देते हुए मनोहर सरकार ने नित नई-नई योजनाएं चलाकर किसानों का उत्थान किया है। एक बार फिर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने किसानों के हितों में बड़ा ऐतिहासिक फैसला लेते हुए ब्रिटिश शासन के समय से किसानों को नहरी पानी की आपूर्ति पर लगाया जाने वाला आबियाना समाप्त करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्ष 2024-25 के बजट में बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि 1 अप्रैल, 2024 से नहरी पानी की आपूर्ति पर प्रदेश में किसानों से लिया जाने वाला आबियाना बंद किया जाएगा। इससे किसानों को बड़ा लाभ होगा। मुख्यमंत्री की इस घोषणा से 4299 गांवों के किसानों को 140 करोड़ रुपये का एकमुश्त लाभ होगा। साथ ही, 54 करोड़ रुपये की वार्षिक राहत भी मिलेगी। उल्लेखनीय है कि हरियाणा के इतिहास में आज तक कभी भी आबियाना को खत्म नहीं किया गया है। साल दर साल यह आबियाना चलता आ रहा था। पहली बार मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने आबियाना बंद करने का कदम उठाया है। इस एतिहासिक फैसले से सरकार ने ब्रिटिश शासन से चली आ रही परंपरा को खत्म करते हुए किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करने का काम किया है। वित्त वर्ष 2022-23 के अनुसार, प्रमुख जिलों की सूची में जिला हिसार में 349 गांवों के 31.23 करोड़ रुपये का आबियाना बकाया है।

# बच्चों का शिक्षित और संस्कारवान होना आवश्यक: राजेश

**फरीदाबाद।** डॉ0 अनिल मलिक श्री सनातन धर्म महाबीर दल सीनियर सैकेंडरी स्कूल, मार्केट नंबर 1, फरीदाबाद में फेयरवेल समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में स्कूल के प्रधान एवं वरिष्ठ समाजसेवी राजेश भाटिया व पदाधिकारी शामिल हुए। इस मौके पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए राजेश भाटिया ने कहा कि स्कूल शिक्षा का मंदिर होता है, जहां बच्चे संस्कारवान होने के साथ-साथ शिक्षित बनते है और समाज व देश के प्रति अपने दायित्व को निभाते है। स्कूल हजारों बच्चों को शिक्षित करने का कार्य कर रहा है।

# 'किसानों और महिलाओं के लिए सौगात भरा है बजट'

## बजट में कोई नया कर न लगाकर आम आदमी को दी है बड़ी राहत- मंत्री जेपी दलाल

**काजल रानी**

**चंडीगढ़:** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा पेश किए गया एक लाख 89 हजार 876 करोड़ रुपए का बजट विशेषकर जिला भिवानी के किसानों के लिए सौगात भरा है। बजट में ताजेवाला हैड से पाईप लाईन के माध्यम से राजस्थान के साथ-साथ जिला भिवानी में भी पानी लाने का प्रावधान किया गया है, जिस पर हजारों करोड़ रुपए खर्च होंगे। इससे आने वाले समय मे जिला में सिंचाई के लिए पानी की कमी नहीं रहेगी। अच्छी फसलों की पैदावारी होगी और किसानों का जीवन में खुशहाली आएगी। इसके साथ ही बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है, जबकि सरकार द्वारा विकासपरक परियोजनाओं के साथ-



साथ अन्य सभी योजनाओं का क्रियान्वयन बिना किसी अड़चन के नियमित रूप से किया जा रहा है। नया टैक्स नहीं लगने से आम आदमी को बड़ी राहत मिली है। ये बात प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने आज भिवानी के स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारवार्ता में कही। इस मौके पर जिला परिषद की चेयरपर्सन अनीता मलिक भी मौजूद रहीं। कृषि मंत्री दलाल ने कहा कि बजट किसानों व महिलाओं के लिए सौगात भरा रहा है।

किसानों की खुशहाली के लिए बजट में नहरों के सुदृढ़ीकरण की राशि में 30.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर कुल 6 हजार 267 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कृषि के बजट में 38.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर कुल 7 हजार 570 करोड़ किया गया है। उन्होंने बताया कि पैक्स के डिफाल्टर किसानों का ब्याज राशि के रूप 1700 करोड़ रुपए माफ किया गया है, अब केवल उनको लोन की मूल राशि जमा करवानी है।

**प्रावधान**

8 नहरों के सुदृढ़ीकरण की राशि में 30 .9 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर कुल 6 हजार 267 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया

# घायल किसान प्रितपाल रोहतक पीजीआई से चंडीगढ़ रेफर

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** पंजाब व हरियाणा के दातासिंहवाला बॉर्डर पर तीन दिन पहले किसानो व पुलिस के बीच हुई झड़प में घायल किसान संगरुर निवासी प्रीतपाल सिंह को डॉक्टरों ने शनिवार को रोहतक पीजीआई से चंडीगढ़ रेफर कर दिया। परिजनों का आरोप था कि प्रीतपाल सिंह का सही उपचार नहीं करवाया जा रहा है। वह डरा हुआ है। पीजीआई में दाखिल मरीज को लेकर पंजाब सरकार ने हरियाणा सरकार को पत्र लिखा था। कहा था कि मरीज को पंजाब के हवाले किया जाए, ताकि उसका सही ढंग से उपचार कराया जा सके। इतना ही नहीं परिजन शनिवार दोपहर किसानों को लेकर रोहतक पीजीआई पहुंचे। प्रीत पाल के भाई गुरजीत सिंह ने कहा कि पुलिस की मार से प्रीतपाल सिंह बुरी तरह घायल है और वह डरा हुआ है। इलाज के लिए लुधियाना जाना चाहता है, लेकिन पुलिस जाने नहीं दे रही। गुरजीत सिंह ने बताया कि 21 फरवरी को किसान आंदोलन के दौरान दातासिंहवाला के साथ लगते खनौरी बॉर्डर पर प्रीतपाल सिंह एक तरफ बैठा हुआ था तभी आंसू गैस के गोले छोड़े गए। जैसे ही प्रीतपाल सिंह भागने लगा उनके सिर में डंडा लगा। पुलिस उसे उठाकर ले गई। उसके मुंह पर चोट है पैरों में फ्रैक्चर है।

# 'गुरु रविदास ने समाज को एकरूपता में पिरौने का काम किया'

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के उप मुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि संत गुरु रविदास ने 500 से अधिक साल पहले ही समाज से किसी भी प्रकार के भेदभाव को मिटाने का संदेश दिया और समाज को एकरूपता में पिरौने का काम किया। वे अंध विश्वास और आडम्बर के घोर विरोधी थी। उन्होंने कहा कि सरकार संत महापुरुषों की जीवन दर्शन व उनके उपदेशों को घर-घर तक पहुंचाने का काम कर रही है। कुरुक्षेत्र में पांच एकड़ जमीन पर संत गुरु रविदास का भव्य स्मारक बनवाया जाएगा, जिस पर करोंड़ों रुपए खर्च होंगे, इससे युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। आज युवा पीढ़ी को गुरु



रविदास जैसे संत-महापुरुषों के बताए गए रास्तों पर चलने की जरूरत है। उप मुख्यमंत्री श्री चौटाला शनिवार को भिवानी जिला के कस्बा बवानीखेड़ा में गुरु रविदास मंदिर प्रांगण में आयोजित संत रविदास जंयति समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संत गुरु रविदास एक महान संत थे, जिन्होंने समाज से किसी भी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने के लिए जीवन पर्यन्त संदेश दिया। वे कर्म करने में विश्वास रखते थे। उनके अनुसार इंसान का मन पवित्र होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब वर्ग के लिए कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। जन कल्याणकारी नीतियां लागू करने के साथ-साथ सरकार ने बजट में एससी और बीसी की चौपालों के जीर्णोद्धार के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि आज का समय प्रतियोगिता का है। कड़ी मेहनत करने वाला बच्चा ही आगे निकलेगा, इसी के चलते गांवों में डिजीटल लाईब्रेरी खोली जा रही हैं।

**स्मारक**

8 कुरुक्षेत्र में पांच एकड़ भूमि पर बनेगा संत शिरोमणि गुरु रविदास का भव्य स्मारक: डिप्टी सीएम

# 'बजट में आंकड़े पेश कर जनता को गुमराह किया गया'

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम: अखिल भारतीय** कांग्रेस कमेटी की महासचिव, उत्तराखंड प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा शनिवार को भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध गुरुग्राम के भौंडसी में सोहना रोड पर स्थित जोधा फार्म में आयोजित सत्ता परिवर्तन जनसभा में पहुंची। उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेश बेरोजगारी में नंबर वन है। उन्होंने कहा कि बजट में आंकड़े पेश कर जनता को गुमराह किया गया है। आंकड़ों से पेट नहीं भरता न ही नौकरी मिलती। उन्होंने कहा कि संसद में सुषमा स्वराज ने प्रणव मुखर्जी को कहा था कि आंकड़ों से पेट नहीं भरता, आज मैं बीजेपी को उनकी बात याद दिलाना चाहती हूं कि आंकड़े पेश करने से किसी को लाभ नहीं होने वाला। उन्होंने कहा कि किसानों को उम्मीद थी कि कर्ज माफ होगा पर मुख्यमंत्री ने जो बजट पेश किया उसमें सिर्फ ब्याज माफी की बात है जो किसानों के साथ मजाक है। उन्होंने कहा कि किसान जब अपने हक की मांग करते है तो सरकार उन पर गोलियां चलवाती है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार बीजेपी ने 5100 रुपए पेंशन देने का वादा लोगों से किया था पर 5100 रुपए पेंशन देना तो दूर की बात जो पहले से पेंशन लगी हुई थी उनकी भी काट रहे है।

# संत गुरू रविदास ने सभी धर्मों को एक सूत्र में पिरोने का काम किया: सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने संत शिरोमणि गुरू रविदास जी महाराज के प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए कहा कि जितने भी धार्मिक ग्रंथ एवं धार्मिक किताबें हम पढ़ते है, उस बारे में संत गुरू रविदास महाराज ने अपनी वाणी एवं रचनाओं के माध्यम से वर्णन किया है। उन्होंने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु रविदास जी हमेशा ही बाहरी आडंबरों का विरोध किया है और जात-पात के भेदभाव से उठाकर सभी धर्मों को एकता सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। ऐसे में आज हमारा दायित्व बनता है कि हम गुरु जी के दिखाए मार्ग पर चलकर सच्चे हृदय से इंसानियत की सेवा करें। वे आज टोहाना विधानसभा क्षेत्र में संत गुरु रविदास जी के 647वें जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरू रविदास जी महाराज ने कहा था कि कोई भी व्यक्ति जाति से छोटा-बड़ा नही होता बल्कि कार्यो से उसकी पहचान होती है। गुरू रविदास जीवन पर्यंत सामाजिक बुराईयों से संघर्ष करते रहे और उन्होंने समरसता का संदेश दिया था। उन्होंने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से उस समय अत्याचार, भ्रष्टाचार व अन्य कुरूतियां थी उन सभी का बिना डरे उन्हें दूर करने बारे अपनी रचनाओं के माध्यम से संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संत रविदास छुआछूत और जात-पात के घोर विरोधी थे।

**सम्मान**

8 मेडिकल कॉलेज का नाम संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज के नाम पर रखा

# 'बीजेपी और कांग्रेस के नेता सिर्फ मेवात के लोगों के वोट लेने आते हैं'

## हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी और सभी ने यह संकल्प लिया कि अबकी बार इनेलो को मेवात की पांचों सीटें जीता कर भेजेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नूंह:** शनिवार को नूंह की अनाज मंडी में इनेलो के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का सम्मेलन किया गया। लोगों ने अभय सिंह चौटाला को पगड़ी, शाल और चांदी का मुकुट पहना कर सम्मानित किया। सम्मेलन में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी और सभी ने यह संकल्प लिया कि अबकी बार इनेलो को मेवात की पांचों सीटें जीता कर भेजेंगे और अभय सिंह चौटाला को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएंगे। इस मौके पर जेजेपी के प्रदेश प्रधान महासचिव अमन अहमद ने जेजेपी को अलविदा कह इनेलो का दामन थामा। अभय सिंह चौटाला ने मेवात वासियों को संबोधित करते हुए



कहा कि कांग्रेस ने आपके सिर्फ वोट लिए और उसके बाद सत्ता में आने के बाद मेवात की पूरी तरह से अनदेखी की और सिर्फ प्रदेश को लूटा। अब भी कांग्रेस के मेवात से तीन विधायक हैं लेकिन किसी एक भी विधायक ने आपकी आवाज जनता के सामने और विधानसभा में नहीं उठाई। उसके बाद अब बीजेपी की सरकार ने तो मेवात को तबाह करने की साजिशें रची। पूरे देश और प्रदेश के हमारे सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने के लिए बीजेपी ने धर्म और मजहब की राजनीति करके आपसी भाईचारे को तोड़ने और माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। लेकिन मेवात के लोग बधाई के पात्र हैं कि उन्होंने आपसी भाईचारे को कायम रखा और बीजेपी और आरएसएस के लोगों को सबक सिखाने का काम किया। मैने विधानसभा में खुलकर कहा था कि मेवात में दंगों को भडकाने की साजिश किसी और की नहीं बल्कि बीजेपी और आरएसएस की थी। कांग्रेस और बीजेपी के नेता सिर्फ मेवात के लोगों के वोट लेने के लिए आते हैं लेकिन विकास खुद का करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने नूंह में यूएपीए लगाया है। यूएपीए के तहत किसी को गिरफ्तार कर लिया जाता है तो उसे जमानत मिलने में दिक्कत आती है। मैने विधानसभा में मुख्यमंत्री से कहा था कि आप फिर से जानबूझकर मुस्लिमों को टारगेट कर रहे हो और हरियाणा प्रदेश को हिंदू और मुसलमान के नाम पर बांटना चाहते हो। यूएपीए एक्ट नूंह में तो आपने लगा दिया लेकिन जिस दिन नूंह की हिंसा हुई थी।

**साधा निशाना**

8 मेवात के लोग बधाई के पात्र हैं कि उन्होंने आपसी भाईचारे को कायम रखा: अभय सिंह चौटाला

# स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दी बड़ी सौगात

**राजकुमार प्रिंस**

**करनालः मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने शनिवार को प्रदेश की स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने बीते वर्ष घोषणा की थी कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करते हुए हर जिले में सांझा बाजार खोले जाएंगे। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल जिले में पहले सांझा बाजार का आज उद्घाटन किया।



मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि इन समूहों की महिला सदस्यों को स्थायी आधार पर अपनी आजीविका कमाने के लिए इस नियमित बाजार में एक मंच पाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 6 जिलों में सांझा बाजार के लिए जगहों को चिन्हित कर लिया है। पहले चरण में बनने वाले इन सांझा बाजारों में हर एक में 10 कैबिन बनाए जाएंगे और आने वाले समय में आवश्यकता पड? पर बढ़ाए जाएंगे। इन कैबिनों का प्रत्येक दिन का किराया मात्र सौ रुपये होगा।

सीएम ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के तहत पूरे प्रदेश में 58 हजार ग्रुप बनाए गए हैं। इन समूहों में 6 लाख महिलाएं सदस्यों के रूप में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। इन 6 लाख महिलाओं में एक लाख महिलाएं ऐसी हैं, जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम है। इसी चरण पर केंद्र सरकार की ड्रोन दीदी योजना के अनुसार प्रदेशभर में पहले चरण में 500 महिलाओं को ड्रोन की ट्रेनिंग दी जा रही है। स्वयं सहायता समूहों को गांव के साथ-साथ शहरों में भी और बढ़ावा देने पर सरकार जोर दे रही है।

**सशक्तिकरण**

**8 सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और गरीबी रेखा से बाहर निकालने पर दे रही है जोर : मनोहर लाल**

उन्होंने बताया कि करनाल जिले में 5298 स्वयं सहायता समूह बन चुके हैं, जिनमें 57175 महिलाएं जुड़ी हुई हैं, जो कि पूरे प्रदेशभर में सर्वाधिक आंकड़ा है। इसी कड़ी में 386 ग्राम संगठन बने हुए हैं और 17 कलस्टर लेवल फैडरेशन संचालन में हैं। प्रदेश सरकार की तरफ से करनाल जिला में इन स्वयं सहायता समूहों को 5 करोड़ 82 लाख 80 हजार रुपये तथा ग्राम संगठनों को 7 करोड़ 57 लाख रुपये की राशि दी जा चुकी है। इसी प्रकार 140 करोड़ रुपये की धनराशि ऋण के रूप में ग्रामीण गरीब महिलाओं को आजीविका हेतु करनाल जिला में उपलब्ध करवाई गई है।

## मुख्यमंत्री ने भाजपा नेता मास्टर अमर सिंह के आकस्मिक निधन पर जताया दुख

**सांत्वना**

**8 मास्टर अमर सिंह एक शिक्षक थे और समाज सेवा के कार्यों में भी बढ़चढ़ कर अपना योगदान देते थे।**



**राजकुमार प्रिंस**

**करनालः प्रिंसः मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने करनाल प्रवास के दौरान सीएचडी स्थित मकान न. एल ई-38 पर पहुंचकर भाजपा नेता मास्टर अमर सिंह 92 वर्षीय के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट किया और परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि मास्टर अमर सिंह के निधन से परिवार के साथ-साथ समाज को बड़ी क्षति हुई है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। बता दें मास्टर अमर सिंह एक शिक्षक थे और समाज सेवा के कार्यों में भी बढ़चढ़ कर अपना योगदान देते थे। उन्होंने शिक्षक के पद से ऐच्छिक सेवानिवृत्ति के बाद सन 1991 में भाजपा की टिकट पर नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़ा था।

अमर सिंह अपने पीछे हराभरा परिवार छोडकर गए हैं, परिवार में उनकी धर्मपत्नी कृष्णा देवी, बेटा युद्धवीर चौधरी तथा दो बेटियां व पोते-नाती शामिल हैं।

इस मौके पर सांसद संजय भाटिया, घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण, नीलोखेड़ी के पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद, सीएचडी के प्रधान चौधरी रणधीर सिंह तथा प्रशासन की ओर से उपायुक्त अनीश यादव व पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन मौजूद रहे।

**न्यूज फ्लैश**

## जेनेसिस क्लासेस की ओर से गीता विद्यालय में किया गया अभिभावकों का मार्गदर्शन



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** :आज गीता विद्यालय में पेरेंट्स गेट टू गेदर का आयोजन किया गया ।जिसमें विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ ने आए हुए अभिभावकों को बताया कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्र को सफल बनाना है, पर कम्पटीशन के इस युग में एक एक्सपर्ट मार्गदर्शक के बिना ऐसा संभव नहीं है। आपके बच्चे को एक उचित मार्गदर्शन मिले इसके लिए स्कूल मैनेजमेंट ने नार्थ इंडिया के मशहूर शिक्षण संस्थान जेनेसिस क्लासेज से अनुबंध किया है । जेनेसिस क्लासेज के एक्सपर्ट अब हमारे विद्यालय में ही यहाँ के छात्रों को नीट, जेइ एनडीए व ओलिंपियाड की तैयारी करायेंगे। आपका बच्चा कैसे आने वाले समय में डॉक्टर, इंजीनियर, आर्मी ऑफिसर और सफल व्यक्ति बन सकता है इस विषय पर आचार्य पवन ने अभिभावको व आचार्यो का मार्गदर्शन किया ।आज के कंपटीशन के दौर में प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चों को एक बेहतर नौकरी दिलाने का सपना देखता है किंतु सही मार्गदर्शन का चयन नहीं कर पाता जिस कारण बच्चा कामयाबी हासिल नहीं कर पाता जेनेसिस के माध्यम से सही और सटीक मार्गदर्शन किया जाता है जिससे बच्चा जो चाहे बिना बांधा के बन सकता है ।उन्होंने कहा उच्च नौकरी पाने के लिए अधिक पैसे खर्च करने की आवश्यकता नहीं होती। बच्चों की गुणवत्ता को जानकर उसी के अनुरूप शिक्षा देने की जरूरत होती है, ऐसा करने पर बच्चों को उच्च पद, मनचाही नौकरी पाने का सपना आसानी से साकार हो सकता है। जेनेसिस क्लासिज के माध्यम से यही प्रयास किया जाता है उन्होंने खरगोश और कछुए की कहानी के माध्यम से समझाया कि केवल मेहनत से कामयाबी नहीं मिलती मेहनत तो सभी करते हैं किंतु मेहनत करने के साथ-साथ यह भी आवश्यक है की मेहनत किस दिशा में करनी चाहिए तथा उसका तरीका कैसा होगा ।यही कार्य जेनेसिस क्लासेज में किया जाता है।

## बोर्ड परीक्षाओं में प्राथमिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाना अव्यवहारिकः राजेन्द्र टंडन

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, कुरुक्षेत्र के प्रधान राजेंद्र टंडन व महासचिव संदीप चौहान ने हरियाणा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में प्राथमिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाने को अव्यवहारिक बताया है।उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में उन्होंने एक सप्ताह पहले भी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र को इन परीक्षाओं में ड्यूटी ना लगाने बारे ज्ञापन दिया था।लेकिन इसके बावजूद भी प्राथमिक शिक्षकों के मोबाइल पर उनकी डयूटी से सम्बंधित मैसेज आ रहे हैं।उन्होंने कहा कि पहले ही विद्यालयों में पांच कक्षाओं के लिए 2 या 3 अध्यापक हैं, अगर वे भी बोर्ड की डयूटी में चले जाते हैं तो विधालय खाली हो जाएंगे।इस समय पाठ्यक्रम पूरा करवाने में और एफ एल एन के तहत कक्षाओं में बच्चों के असेसमेंट चल रहे हैं।निपुण हरियाणा के तहत विधालयों में पढाई जोरों पर है।अगर इस समय अध्यापक अपनी कक्षाओं में नही होगा तो छोटे बच्चों के लिए काफी समस्याएं आ सकती हैं।इससे प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था चरमरा जाएगी।सत्र के अंतिम पड़ाव में बच्चों के प्रति नाइंसाफी होगी।

## 'गुरु रविदास की शिक्षाओं का जीवन में करें अनुसरण

**कामना**

**8 विदास मंदिर में माथा टेका और श्रद्धा सुमन अर्पित किए व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।**



**राजकुमार प्रिंस**

**करनालः** सीएम मनोहर लाल शनिवार को असंध के वार्ड नंबर-1 में गुरु रविदास जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने सर्वप्रथम गुरु रविदास मंदिर में माथा टेका और श्रद्धा सुमन अर्पित किए व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि हमें गुरु रविदास जी की शिक्षाओं का अनुसरण अपने जीवन में करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने असंध के गुरु रविदास मंदिर में लंगर हाल के लिए 5 लाख रुपये देने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गुरु रविदास जी का जन्म भले ही उत्तर प्रदेश के वाराणसी (काशी) में हुआ था, लेकिन उनकी शिक्षा से देश व दुनिया को लाभ हो रहा है। उनके पवित्र विचारों से हम अपने जीवन में भी शुद्धता ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हम गुरु रविदास जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण करके एक अच्छे नागरिक के रूप में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। गुरु रविदास जी के जीवन से प्रभावित होकर ही हमने कुरूक्षेत्र के पिपली में 5 एकड़ जमीन पर गुरु रविदास जी के नाम से भव्य स्मारक बनाने की घोषणा की है। इस स्मारक के लिए जमीन हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा दी गई है। इस स्मारक का जल्द ही शिलान्यास किया जाएगा। सीएम ने कहा कि संत-महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हरियाणा सरकार ने संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार प्रसार योजना के तहत महापुरुषों की जयंती मनाई है।

## सब मिलकर संगठन को और मजबूत करेंगेः जरवाता

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूलाः** हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के दिशा-निर्देश पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक सत्य प्रकाश जरवाता ने जिला अध्यक्षों की नियुक्ति करते हुए कहा कि सब मिलकर संगठन को और मजबूत करेंगे। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नव नियुक्त जिला अध्यक्षों में राकेश वाल्मीकि को पंचकुला, अमित वाल्मीकि को भिवानी, धरमबीर को गुरुग्राम, गंगादान डागर को नूह, कर्मबीर खिची को महेन्द्रगढ़, राजेश माखरोली को झज्जर, बलवंत सिंह सिंघमार को जींद, विकास ललोधा को फतेहाबाद, ओम प्रकाश को करनाल, शमशेर कलिंगा को रोहतक, सत्यप्रकाश जाटव को पलवल, अमित वाल्मीकि को सोनीपत, सुलतान अरजाना को कुरुक्षेत्र, शैलेंदर को कैथल, गौरव चौहान को फरीदाबाद, विनोद नागर को सिरसा, श्री बलराज को चरखी दादरी, राजकुमार को हिसार,अमित कुमार को अम्बाला, रोहताश वाल्मीकि को रेवाड़ी, रविन्द्र तोशामर को पानीपत और धर्म सिंह को यमुनानगर जिले की जिम्मेदारी दी गई है। मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रमुख संजीव घारू ने जानकारी देते हुए बताया कि मोर्चा के अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावाता के नेतृत्व में 24 फरवरी को संत शिरोमणि गुरू रविदास जी महाराज की 648वीं जयंती के उपलक्ष्य में अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम और हरियाणा में 1800 जगहों पर अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे।

# सूर्य प्रताप राणा की शादी के अवसर पर सीएम ने दी बधाई

**राजकुमार प्रिंस**

**करनालः** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल प्रवास के दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा के बड़े भाई दुष्यंत राणा के बेटे सूर्य प्रताप राणा की शादी के अवसर पर असंध में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने परिवार के लोगों को शादी की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मुख्यमंत्री ने सूर्य प्रताप को नए जीवन की शुरूआत के लिए अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि आपका जीवन मंगलमय हो।



इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, सांसद संजय भाटिया, घरौंडा विधायक हरविंदर कल्याण, पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी, नितर्वमान मेयर रेनू बाला गुप्ता, पूर्व विधायक स. बक्शीश सिंह, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण बोर्ड चेयरमेन निर्मला बेरागी, पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता, कैथल जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, असंध विधायक शमशेर गोगी, नपा चेयरमैन सतीश कटारिया, भाजपा जिला सचिव गुरबक्शीश सिंह लाडी, दीपक छाबडा, डॉ. बुटी राम, जगदीश गुप्ता, पुर्व विधायक रमेश कश्यप, मंडल अध्यक्ष अमित राणा व राम अवतार जिंदल, बृज लाल टक्कर, हरबीर सिंह सहित भाजपा पार्टी के सभी जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**आशीर्वाद**

**8 मुख्यमंत्री ने सूर्य प्रताप को नए जीवन की शुरूआत के लिए अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि आपका जीवन मंगलमय हो**

## अनियंत्रित कैब खंभे में टकराई, हादसे में दो छात्राओं की मौत, दो घायल

**सोनीपतः सेक्टर-27** शहर सोनीपत थाना क्षेत्र के सोनीपत-राठधाना सड़क मार्ग पर अनियंत्रित कैब पलटते हुए बिजली के खंभे में जा टकराई। हादसे में कार सवार दो छात्राओं की मौत हो गई। जबकि हादसे में एक छात्रा व छात्र घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने छात्राओं के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने घायल छात्रा के बयान पर आरोपित छात्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गोमती नगर एक्सटेंशन लखनऊ उत्तर प्रदेश निवासी रिसिका सिंह ने बताया कि वह ओपी जिंदल ग्लोबल विवि में एलएलबी की छात्रा है। वह तथा उनकी सहपाठी मूलरूप से राजस्थान के जयपुर स्थित महाराणा प्रताप मार्ग निवासी ख्याति और गुरुग्राम के विज्ञान विहार सेक्टर-56 निवासी जिया और विवि के ही छात्र मनन के साथ राई स्थित होटल में गए थे। वहां से नाश्ता करने के बाद वह सुबह करीब छह बजे कैब में सवार होकर विवि जाने के लिए निकले थे। जब वह चलने लगे तो मनन ने कैब चालक से गाड़ी ले ली। मनन गाड़ी चलाने लगा और चालक उसके साथ बैठ गया। रिसिका ने बताया कि वह, ख्याति (19 )और जिया (18) पिछली सीट पर बैठे थे। मनन गाड़ी को तेज गति से चला रहा था। जब वह विवि के पास पहुंचे तो अचानक ट्रक आ गया। मनन ने टर्न लिया और ट्रक को ओवरटेक करने लगा। इसी बीच उसने दूसरा टर्न लिया और कैब सड़क किनारे खंभे से टकरा गई। हादसे मे कैब क्षतिग्रस्त हो गई और खंभा गाड़ी के ऊपर ही गिर गया। वह मशक्कत से बाहर निकले।

## दो मासूम भाइयों को उनकी मां के प्रेमी ने अपहरण कर उतारा मौत के घाट

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के मशद मोहल्ला के स्कूल में जाने के बाद लापता हुए दो मासूम भाइयों का उनकी मां के प्रेमी ने ही अपहरण करने के बाद उनकी तार से गला दबाकर हत्या कर दी। महिला के बयान पर अपहरण का मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच कर रही पुलिस ने सनसनीखेज वारदात से पर्दा उठाया है। मामले में पुलिस देर रात शक के आधार पर आरोपित महिला के प्रेमी से पूछताछ करने गई तो उसने भागने के लिए छत से छलांग लगा दी। जिससे वह घायल हो गया। आरोपित से पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों बच्चों के शवों को उत्तर प्रदेश के बागपत के गांव बाघु के खेत से बरामद कर लिया है। दोनों बच्चों के शवों का बागपत के सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। मामले की शुरूआती जांच में बच्चों की मां की भूमिका सामने नहीं आई है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित नितिन निवासी बरनावा यूपी हाल में कबीरपुर का है। शहर के आदर्श नगर निवासी रूबी ने गत 22 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसका पांच साल पहले उसके पति राहुल से तलाक हो चुका है। वह अपने बेटे वंश (10) और यश (7) के साथ रहती हैं। 21 फरवरी को वह दोनों बेटों को मशद मोहल्ला स्थित सरकारी स्कूल में छोड़कर काम पर चली गई थीं। शाम को घर आई तो दोनों बेटे नहीं मिले थे। स्कूल में पता करने पर शिक्षिका ने बताया था कि दोनों बच्चे स्कूल से घर जा चुके हैं।

**खुलासा**

**8 गांव बाघु बागपत में लेकर गया खेत में तार व जूते की डोर से गला दबाकर बेरहमी से की हत्या**

## एंटी करप्शन इंडिया के कार्यालय में अमन वर्मा पहुंचे

**राजकुमार प्रिंस**

**करनालः** भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता को समर्पित देश की विख्यात ऑर्गनाइजेशन एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय कार्यालय में फिल्म एवं टीवी अभिनेता अमन वर्मा पहुंचे। अमन वर्मा का राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचने पर नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं राष्ट्रीय महासचिव पवन शर्मा ने बुके देकर स्वागत किया।



अमन वर्मा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के क्षेत्र में देश भर में सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि फिल्म जगत के हम जैसे सेलिब्रिटीज को भी एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के माध्यम से लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि फिल्म इंडस्ट्रीज के काफी सेलिब्रिटी फाउंडेशन की मुहिम के साथ जुड़े हुए हैं और वो देशहित के लिए अपना संदेश देने के लिए फाउंडेशन के कार्यक्रमों में शिरकत करते हैं। उन्होंने कहा की देश के प्रत्येक व्यक्ति को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक होना चाहिए। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है।

# महिला से मोबाइल छीनने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

### सभी आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उनका दो दिन का रिमांड हासिल किया

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला पुलिस ने बस में सवार महिला से मोबाइल फोन छीनने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उनका दो दिन का रिमांड हासिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि गत दिवस शिकायतकर्ता आरती वासी हांसी रोड करनाल जो कि करनाल से असंध जा रही थी। गांव ठरी से चार युवक बस में चढ़े और महिला से उसका फोन छीनकर ले गए। मामले में आरोपियों के खिलाफ थाना असंध में छीना झपटी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इस मामले में असंध थाना की टीम ने कुछ ही घंटो में कस्बा असंध से मामले में संलिप्त तीन आरोपियों बजिंदर पुत्र रामकिशन वासी सिसाय हिसार, बंटी पुत्र राजबीर और सुमित पुत्र राजबीर वासियान लोहचब जींद को



गिरफ्तार किया। आरोपियों से पूछताछ में पाया गया कि उन्होंने ही अपने चौथे साथी प्रदीप वासी लोहचब जींद के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। सभी आरोपी आदतन अपराधी हैं, जो कि कस्बा असंध में किराए पर रहते है और नशापूर्ति और पैसों के लालच में चोरी, स्नैचिंग की वारदात करते हैं। आरोपियों के खिलाफ पहले भी चोरी, छीना छपटी, एनडीपीएस एक्ट के तहत कई मुकदमें दर्ज हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दो दिन का रिमांड हासिल किया गया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर मोबाइल बरामद किया जाएगा और मामले में संलिप्त चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

**गिरफ्तार**

**8 रिमांड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर मोबाइल बरामद किया जाएगा और मामले में संलिप्त चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।**

## योग का अभ्यास मानवता को भी सुधारता हैः दिनेश गुलाटी

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तहत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में बलदेव स्कूल में योग सत्र की शुरूआत सूक्ष्म व्यायाम से की गई, जिसमें शिक्षक राजीव शर्मा और पूनम खन्ना ने साथ दिया।

सत्र के दौरान दिनेश गुलाटी ने कहा कि 25 फरवरी से 1 मार्च तक फव्वारा पार्क सैक्टर 12 करनाल में विशाल योग शिविर आयोजित किया जाएगा।



यह पांच दिवसीय योग शिविर निशुल्क रहेगा। प्रतिदिन कुशल योग विशेषज्ञ, डॉक्टर्स और डाइटिशन इस शिविर का हिस्सा बनेंगे और हमारा मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया लगभग 20 वर्षों से फव्वारा पार्क में यह योग कक्षा लगाई जा रही है। शीत ऋतु के कारण योग कक्षा बलदेव स्कूल में स्थानांतरित कर दी गई थी। अब मौसम परिवर्तन के कारण फिर से अपने नियत स्थान पर लगेगी। इसके बाद मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने अपनी टीम के साथ शिविर स्थल का निरीक्षण किया। शिविर को लेकर होने वाली तैयारियों का जायजा लिया और टीम को दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर वीना धीर, पूनम खन्ना, राजीव शर्मा, नरेश चौधरी, ऐनफ चौधरी, अनुज और अन्य कई साधक मौजूद रहे।

## संपादकीय

# लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा में भारत पाक

**सर्वोच्च** न्यायालय को बधाई चुनावी बांड रद्द करने के आदेश से लोकतंत्र मजबूत हुआअर्द्धसत्य का खेल और लोकतत्र पर खतरा
यह गजब संयोग है कि भारत और पाकिस्तान दोनों इस वक्त लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा से एक साथ गुजर रहे हैं। भारत में लोकतंत्र की सुदीर्घ परंपरा रही है और पाकिस्तान लोकतंत्र के लिए संघर्ष करता आया है, यह दोनों देशों के बीच का बुनियादी फर्क है। लेकिन दोनों देशों में एक बड़ी समानता ये है कि सत्ता पर काबिज होने के लिए पाकिस्तान में भी षड्यंत्र रचे जा रहे हैं और भारत में भी ऐसा ही हो रहा है। चंडीगढ़ का मेयर चुनाव इसका ताजा उदाहरण है। पहले इस चुनाव को केवल इस वजह से टाला गया कि पीठासीन अधिकारी बीमार थे। इसके बाद 30 जनवरी को जब चुनाव हुए तो आप और कांग्रेस का गठबंधन हार गया, जबकि भाजपा को आसान जीत मिल गई। इस चुनाव में आठ मतपत्रों को खारिज किया गया था और आप ने आरोप लगाए थे कि रिटर्निंग अधिकारी अनिल मसीह ने ही मतपत्रों पर निशान बनाए थे। उनका एक वीडियो फुटेज भी सामने आया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को लोकतंत्र की हत्या करार दिया था और सोमवार को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट में अनिल मसीह ने स्वीकार भी किया कि उन्होंने आठ मतपत्रों पर निशान लगाए थे। इसके बाद मंगलवार को अदालत ने मतपत्रों की फिर से गिनती के आदेश दिए हैं, इसमें खारिज किए सभी आठ मतपत्र भी शामिल थे, जिससे आप के कुलदीप कुमार मेयर घोषित हो गए। चंडीगढ़ मेयर चुनाव देश में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों से बहुत छोटा है। यहां पर विपक्ष ने हिम्मत नहीं हारी और इंसाफ के लिए लड़ाई जारी रखी, तो सच सामने आ गया। लेकिन इससे निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों पर प्रश्नचिह्न तो लग ही गए हैं। और सबसे बड़ा सवालिया निशान तो इस बात पर है कि क्या सत्ता के दबाव में स्वतंत्र संस्थाओं और अधिकारियों को बेईमानी करने दी जा रही है। हाल ही में पाकिस्तान में हुए चुनाव में भी ऐसी ही बेईमानी हुई, लेकिन वहां एक अधिकारी ने सामने आकर अपनी बेईमानी न केवल कबूल की है, बल्कि खुद के लिए सजा की मांग भी कर दी।

पाकिस्तान में आम चुनाव हुए 10 से अधिक दिन हो गए हैं, लेकिन किसी भी दल को पूर्ण बहुमत न मिलने के कारण अब तक सरकार का गठन नहीं हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के लोगों ने इस बार निर्दलीय चुनाव लड़ा, लेकिन नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन और बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी से ज्यादा वोट हासिल किए। फिर भी पीटीआई सरकार नहीं बना सकी, न ही अब तक नवाज शरीफ और बिलावल भुट्टो कोई समझौता कर पाए हैं। इस बीच चुनाव में धांधली के आरोप भी लगे थे और कहा गया था कि जीते हुए कई निर्दलीय प्रत्याशियों को हारा हुआ घोषित किया गया है। इससे पहले कि इस मामले की कोई जांच होती और चुनाव आयोग को क्लीन चिट मिलती, रावलपिंडी के कमिश्नर लियाकत अली चट्ठा ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि हमने 13 ऐसे निर्दलीय कैंडिडेट्स जो 70 से 80 हजार वोटों से आगे चल रहे थे, उन्हें धांधली कर हरवा दिया। रावलपिंडी के क्रिकेट स्टेडियम में मीडिया से बात करते हुए लियाकत अली चट्ठा ने कहा कि वो इस वजह से सो नहीं पा रहे हैं कि उन्होंने 'देश की पीठ में छुरा घोंपा हैझ। मैंने जो अन्याय किया है उसके लिए मुझे दंडित किया जाना चाहिए।

# तुष्टिकरण की राजनीति का कुफल संदेशखाली प्रकरण



आशीष वशिष्ठ

> "यह मान लिया गया है कि मुस्लिम सापेक्ष न होना पंथनिरपेक्षता का विरोधी होना है। यह कि यदि हमारी सोच का केंद्र बिंदु मुसलमान नहीं हैं तो हम भारत राष्ट्र को तोड़ने की दिषा में बढ़ रहे हैं। यदि हम किसी अबोध शिशु की दुधमुंही मुस्कान से प्राप्त होने वाले आत्म और वात्सल्य का अनुभव नहीं करते, तो हम मुस्लिम ही नहीं, भारत विरोधी भी हैं। और यह कि यदि हम अपने आचार विचार से हिन्दू विरोधी नहीं हैं तो हम सेकुलर नहीं है। अतएव यदि हमें सेकुलर बने रहना है तो हमें चाहिए कि हम कष्मीर घाटी से भगा दिये गये हिन्दुओं की पीड़ा प्रताड़ना, उनके दुख और दैन्य की बात न करें। कन्हैया लाल की हत्या और संदेशखाली पर मुंह बंद रखें। यानी हिन्दुओं पर होने वाले अत्याचारों जिसमें सरकारें और राजनीति दल शामिल हैं"

**पश्चिम बंगाल के** उत्तर 24-परगना जिले में कालिंदी नदी के किनारे बसा गांव संदेशखाली पिछले कई दिनों से चचाओं में है। तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उसके दो सहयोगियों पर यहां की महिलाओं ने कथित अत्याचार और यौन उत्पीड़न के कई गंभीर आरोप लगाए हैं। संदेषखाली की पीड़िताओं ने जो बातें जिम्मेदारी लोगों को बताई हैं, वह 21 वीं सदी में अकल्पनीय है। ऐसे में अहम सवाल है कि कोई शाहजहां शेख कैसे इतना निरंकुश हो जाता है? शाहजहां जैसे अत्याचारियों को ताकत कहां से मिलती है? इन सवालों का जवाब भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी के बयान के छिपा है। सुधांशु के अनुसार, ह्यह्यजो कुछ संदेशखाली में हो रहा है वो मात्र एक घटना नहीं बल्कि एक राजनीति सोच है, जो 78 वर्ष पूर्व नोआखाली से लेकर आज के संदेशखाली तक बंगाल के लिए नासूर बनती जा रही है। शाहजहां शेख एक व्यक्ति नहीं एक प्रवृत्ति है जिसे मात्र बंगाल में नहीं बल्कि पूरे भारत में एक विशेष प्रकार का सेक्युलर संरक्षण प्राप्त है। राजनीतिक इतिहास के पन्ने पलटे तो कांग्रेस पार्टी को मुस्लिम तुष्टिकरण की जननी कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। आजादी के बाद नेहरू से वर्तमान तक पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति को समर्पित रही है। आजादी के बाद घरेलू ही नहीं, विदेशी नीति भी तुष्टिकरण से तय होती थी। सबसे बड़ी विडंबना यह रही कि जिन मुसलमानों के नाम पर कांग्रेस ने देश में तुष्टिकरण की नीति का आगाज किया उन मुसलमानों की माली हालत सुधरने की बजाय बिगड़ती चली गई। दूसरी विडंबना यह हुई कि कांग्रेसी तुष्टिकरण का संक्रमण क्षेत्रीय पार्टियों, मीडिया, बुद्धिजीवियों तक होता गया। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण के बलबूते ही सत्ता में आई थी। सत्ता पर काबिज होने के बाद से तृणमूल की सरकार ने मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए हिंदुओं व दूसरे समुदायों की पूरी तरह अनदेखी की। हिन्दुओं के धार्मिक उत्सवों और यात्राओं तक में सरकार ने अड़चने लगाने का काम किया। पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं की जो दुर्दशा हो रही है, वो किसी छिपी नहीं है। तृणमूल के नेता और कार्यकर्ता जिस तरह का अत्याचार कर रहे हैं, वो सुनकर हैरानी होती है कि हम किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में रहते हैं, और पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार है। पश्चिम बंगाल हो या फिर दिल्ली मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर इनमें होड़ है। दिल्ली के दंगों में आम आदमी पार्टी के नेताओं की भूमिका सर्वविदित है। दिल्ली में शाहीन बाग प्रदर्शन के पीछे भी मुस्लिम तुष्टिकरण वाली राजनीतिक ताकतें अपना चेहरा चाहकर भी छुपा नहीं पाई थीं। तेलंगाना में जब बीआरएस और राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी, तब वहां मुस्लिम तुष्टिकरण ही राज्यनीति था। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल जब सरकार की हिस्सेदार थी, तब वहां भी मुस्लिम तुष्टिकरण चरम पर था। आजादी के बाद देश में जिस मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति को जो बीज बोया गया, वह आगे चलकर वट वृक्ष बन गया। भारत दुनिया का इकलौता देश बना जहां बहुसंख्यकों के हितों की कीमत पर अल्पसंख्यकों को वरीयता दी गई। कांग्रेसी तुष्टिकरण का पहला नमूना आजादी के तुरंत बाद देखने को मिला जब देश के पहले राष्?ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने गुलामी के पहले कलंक को मिटाने के लिए भव्य सोमनाथ मंदिर बनाने की पहल की। लेकिन मुस्लिम परस्ती के चलते प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने न सिर्फ सोमनाथ मंदिर के नवीनीकरण और पुनर्स्थापना के कार्य से खुद को अलग कर लिया बल्कि तत्कालीन सौराष्?ट्र के मुख?यमंत्री को आदेश दिया कि मंदिर निर्माण में सरकार का एक भी पैसा नहीं लगना चाहिए। इतना ही नहीं, जब राष्?ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन करने जाने लगे तब नेहरू ने उन्हें रोकने की नाकाम कोशिश भी की। वास्तव में, अल्पसंख्यकवाद और मुस्लिम तुष्टिकरण ही भारत के छद्म धर्म (पंथ) निपरेक्षतावाद की मूल धुरी है। इस देश के मुसलमानों का खुश रहना नहीं, उन्हें खुश रखने के लिए हर संभव प्रयत्न का नाम है सेकुलरिटी। जैसे गरीबी हटाने का नारा जीवित रखने के लिए गरीब बनाकर रखना एक राजनीतिक आवश्यकता है, ठीक उसी प्रकार से इस देश के मुसलमानों को अपनी पूजा पद्धति रोजा नमाज और मस्जिद सहित यहां की मुख्य सांस्कृतिक और राष्ट्रीय धारा न बनने देकर उसके समानांतर एक मुस्लिम मजहबी धारा बनाकर रखना भी वोट राजनीति की जरूरत है। वोट राजनीति की इस विवष्ता को कतिपय राजनीतिक दल, दल विहीन राजनेता और बुद्धिवादी देश का स्थायी भाव बना देने की जी तोड़ कोशिशें कर रहे हैं। स्वभावतरू पंथनिरपेक्ष भर को सुनियोजित ढंग से पंथ और मजहब के संदर्भ में सोचने, जीने और अपना मानस बनाने को कहा जा रहा है कि यदि ऐसा सोचा और किया न गया तो देश साम्प्रदायिकता की आग में जलकर राख बन जायेगा। यदि संक्षेप में और कुछ वाक्यों में कहें तो आज के भारत की धर्म (पंथ) निरपेक्षता मुस्लिम सापेक्षता का पर्याय है। दोनों एक दूसरे के दास हैं। दोनों की आधार भूमि है सत्ता राजनीति। यह मान लिया गया है कि मुस्लिम सापेक्ष न होना पंथनिरपेक्षता का विरोधी होना है। यह कि यदि हमारी सोच का केंद्र बिंदु मुसलमान नहीं हैं तो हम भारत राष्ट्र को तोड़ने की दिषा में बढ़ रहे हैं। यदि हम किसी अबोध शिशु की दुधमुंही मुस्कान से प्राप्त होने वाले आत्म और वात्सल्य का अनुभव नहीं करते, तो हम मुस्लिम ही नहीं, भारत विरोधी भी हैं। और यह कि यदि हम अपने आचार विचार से हिन्दू विरोधी नहीं हैं तो हम सेकुलर नहीं है। अतएव यदि हमें सेकुलर बने रहना है तो हमें चाहिए कि हम कष्मीर घाटी से भगा दिये गये हिन्दुओं की पीड़ा प्रताड़ना, उनके दुख और दैन्य की बात न करें। कन्हैया लाल की हत्या और संदेषखाली पर मुंह बंद रखें। यानी हिन्दुओं पर होने वाले अत्याचारों जिसमें सरकारें और राजनीति दल षामिल हैं, को अनदेखा करें। कांग्रेस की इस तुष्टिकरण की नीति का असर दूसरी राजनीतिक पार्टियों पर भी पड़ा और वे मुस्लिम वोट बैंक छिटकने के डर से हिंदुओं के हित में बोलने से कन?नी काटने लगीं। लालू प्रसाद यादव, मुलायम सिंह यादव, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी, एन चंद्रबाबू नायडू, अरविंद केजरीवाल, चंद्रशेखर राव जैसे नेताओं की मुस्लिमपरस?ती एक दिन में नहीं आई है। यह सब कांग्रेसी तुष्टिकरण रूपी वटवृक्ष के फल हैं। दरअसल कांग्रेस द्वारा क्षेत्रीय अस्मिताओं की उपेक्षा और तानाशाही से उपजी क्षेत्रीय पार्टियों ने मुस?लिम वोट हासिल करने के लिए मुसलमानों के सशक्तिकरण की बजाय तुष्टिकरण का कांग्रेसी फामूर्ला अपना लिया। इसका नतीजा यह हुआ कि एक ओर मुसलमानों का पिछड़ापन बढ़ा तो दूसरी ओर कट्टरपंथ को उर्वर जमीन मिली। ह्यतुष्टीकरणह्व की राजनीति ने मुख्यरूप से मुस्लिमों के बीच की मलाईदार पर्त को ही फायदा पहुंचाया। इससे कथित धर्मनिरपेक्ष राजनीति का खोखलापन उजागर होता है। कांग्रेस का इतिहास खुद इस बात का गवाह है कि उसने अपनी पूरी राजनीति तुष्टीकरण को आधार बनाकर ही की है अल्पसंख्यकों में भी उसने सबसे अधिक मुस्लिम वोटों पर अपना ध्यान केंद्रित किया है, क्योंकि मुस्लिम वोट देश के कई हिस्सों में निर्णायक साबित होते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के बजट पर पहला हक मुसलमानों का बनता है। साल 2018 में उर्दू अखबार इंकलाब की एक रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा मुस्लिम बुद्धिजीवियों के बीच कथित तौर पर अपनी पार्टी को मुस्लिमों की पार्टी बताया था। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की जीत की बड़ी वजह मुसलमानों का थोक वोट मिलना था। पिछले साल मुस्लिम वोटों की बदौलत कांग्रेस तेलंगाना में सत्ता हासिल करने में सफल रही। राजनीतिक दल वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण का सहारा लेते आए हैं। राजनीतिक दलों ने अपने एजेंडे के हिसाब से धर्म व संप्रदाय बांट रखे हैं और उसके तुष्टिकरण में वो किसी भी हद तक चले जाते हैं।



## कविता

लिखे खतों को गंगा में बहा देना
तुम।

गर हाले दिल न सुना सको जमाने के बीच
चलते चलते राहों में पलकें झुखा देना
तुम।।

हमसे न मिल सको तो ना मिलो सरे राह,
खूबसूदार दुपटटा हवाओं में लहरा देना तुम
।।

किस्मत में तेरा दीदार नहीं वक्त से पहले,
अपना तस्सवुर हवाओं में बिखरा देना
तुम।।

याद है वो पूरा चाँद और चाँदनी के ख्वाब,
दूब का बिछौना ओश की ओढनी लेना तुम।

राह में मिल जाएँ कहीं काँटे या पत्थर,
अपनी नर्म साँसों से मखमल बना देना तुम।

आती जाती हवाएँ कर जाती है तेरा जिक्र,
इश्क के नगमे हवाओं में लहरा देना तुम।।

बेवजह सँवरने में वक्त जाया न किया करो,
बस चेहरे से अपना दुपट्टा हटा देना तुम।।

होश खो देता कोई तुम्हे देखने के बाद.,
एसे मनचलों को उम्र कैद दे देना तुम।।

संजीव

# इजरायल के विरोध का सराहनीय फैसला

**7 अक्टूबर** 2023 से शुरू हुए गजा पर इजरायल के हमले किसी भी तरह नहीं रुक रहे हैं। पिछले 4 साढ़े 4 महीनों में लाखों जिंदगियां तबाह हो चुकी हैं। हमास को खत्म करने के नाम पर गजा के लोगों पर इजरायल की क्रूरता किसी तरह न कम हो रही है, न थम रही है। अमेरिका जैसे देशों के समर्थन से इजरायल नरसंहार को बेखौफ जारी रखे हुए है, हालांकि ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, अल्जीरिया जैसे कुछ देश हैं, जो इजरायल के खूनी खेल के खिलाफ बोल रहे हैं, मगर ताकतवर देश मिलकर न्याय के लिए उठती इन आवाजों को दबा रहे हैं। सत्ता पर बैठे लोगों का रुख जो भी हो, लेकिन दुनिया भर में आम जनता इजरायल की आलोचना कर रही है और गजा में मासूम लोगों के कत्लेआम को रोकने के लिए विरोध-प्रदर्शन, बहिष्कार ऐसे तमाम उपायों को आजमाया जा रहा है। इसी कड़ी में अब भारत के वॉटर ट्रांसपोर्ट्स वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई) के सदस्य भी जुड़ गए हैं। देश के 11 बड़े बंदरगाहों पर काम करने वाले करीब 35 सौ कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली इस संस्था ने इजरायल भेजे जाने वाले उन जहाजों पर माल ढुलाई से इंकार कर दिया है, जिनमें हथियार और अन्य सैन्य सामग्री की आपूर्ति हो रही है।

संस्था के महासचिव टी नरेन्द्र राव ने कहा कि हमारा संघ हर तरह के युद्ध और मासूम लोगों पर हिंसा के खिलाफ है। इजरायल ने इस वक्त गजा पर जो युद्ध छेड़ा है, उसने हजारों फिलिस्तीनियों को असह्य पीड़ा दी है। इस युद्ध में महिलाओं और बच्चों के चिथड़े उड़ रहे हैं। ऐसे में हमारे संघ ने निर्णय लिया है कि हथियारों से लदे सभी तरह के जहाजों पर हम काम नहीं करेंगे। उनमें माल चढ़ाने या उतारने का काम नहीं करेंगे, क्योंकि इससे उन लोगों को मदद होगी जो मासूमों को मारने में लगे हैं। टी नरेन्द्र राव ने सभी भारतीय बंदरगाहों के कर्मचारियों से हथियारों वाले उन जहाजों पर काम न करने की अपील की जो फिलिस्तीन या इजरायल के लिए भेजे जा रहे हैं। इसके साथ ही इजरायल से तुरंत युद्ध रोकने का आग्रह भी संघ ने किया है। डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई ने एक जवाबदेह श्रमिक संघ के तौर पर उन लोगों के साथ अपनी एकजुटता और प्रतिबद्धता दर्शाई है, जो शांति के लिए काम कर रहे हैं। भारत में बंदरगाह कर्मचारियों के पांच संगठन है, जिनमें से डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई ने सैन्य मालवाहक जहाजों पर काम का बहिष्कार किया है। हो सकता है अब बाकी के संगठन भी ऐसा ही फैसला ले लें। 7 अक्टूबर से अब तक एक भी सैन्य मालवाहक जहाज इजरायल नहीं गया है, लेकिन हाल ही में भारत के मुंद्रा बंदरगाह से इजरायल के लिए सामान पहुंचाया जा रहा है। ऐसे में डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई का यह फैसला खास मायने रखता है। गौरतलब है कि लाल सागर में हूती विद्रोहियों ने इजरायल तक जहाजों के पहुंचने का रास्ता अवरुद्ध कर दिया है। अगर यह अवरोध बरकरार रहता तो इजरायल थोड़ा कमजोर पड़ सकता था। मगर मोदी सरकार में इजरायल से दोस्ती निभाने के लिए नया रास्ता खोज निकाला है।

## विचार

# युवाओं और बुजुर्गों के बीच घमासान के आसार

**तेजी से** बूढ़े हो रहे भारत में आगामी लोकसभा चुनावों के समय असल अग्निपरीक्षा देश के युवाओं और बुजुर्गों के बीच होगी। तीसरी बार सत्ता में आने के लिए लालायित नेताओं की उम्र 74 पार की होगी और उन्हें सत्ता में आने से रोकने वाले नेताओं की उम्र ज्यादा से ज्यादा 70 साल की होगी। लेकिन सत्ता में किसी भी नेता को पहुँचाने का काम देश के युवा मतदाता ही करेंगे ,क्योंकि संख्या बल में वे बुजुर्गों से ज्यादा होंगे।तीसरी बार सत्तारूढ़ होने की भविष्यवाणी कर चुके मौजूदा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का जन्म 1950 का है ,यानि वे 74 साल के हो गए है । मोदी जी के मुकाबले खड़े कांग्रेस के राहुल गांधी का जन्म वर्ष 1970 का है ,यानि वे 54 साल के हो गए है। मोदी जी ने विवाहित होने के बाद रष्ट्रसेवा केलिए अपनी पत्नी का त्याग कर दिया है जबकि राहुल ने देशसेवा के लिए अभी तक विवाह किया ही नहीं है। लगता है वे अब कांग्रेस के अटलबिहारी बनकर ही मानेंगे।राहुल गांधी के इस संकल्प से शायद मोदी जी की कांग्रेस को वंशवाद से मुक्त देखने की मुराद पूरी हो जाये ,लेकिन सत्ता में तीसरी बार आने में राहुल का संकल्प ही सबसे बड़ी बाधा है। प्रधानमंत्री मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए राहुल गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े इंडिया गठबंधन के खास सहयोगी समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव भी अभी 51 साल के है। उनका जन्मवर्ष 1973 है। वे लोकसभा चुनाव के असल कुरुक्षेत्र में भाजपा के सबसे प्रमुख प्रतिद्वंदी पहले भी थे और आज भी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्हें हालांकि कामयाबी हासिल नहीं हुई थी किन्तु इस बार वे कांग्रेस के साथ मिलाकर चुनाव लड़ रहे हैं ,इसलिए उन्हें ज्यादा कामयाबी की उम्मीद है। अखिलेश यादव पहले बसपा से भी गठबंधन कर चुके हैं और कांग्रेस से भी। भाजपा से भी उनकी पार्टी अतीत में गठजोड़ कर चुकी है।

लोकसभा चुनाव में जिस युवा नेता की देह की भाषा [वाडी लेंग्वेज ] सबसे ज्यादा मारक और आक्रामक दिखाई देती है वे नेता हैं राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव। तेजस्वी कुल जमा अभी 35 वर्ष के हैं । उनका जन्मवर्ष 1989 है। इतनी कम उम्र में ही वे अपने पिता लालू प्रसाद की राजनीतिक विरासत के उत्तराधिकारी बन गए बल्कि बिहार में उन्होंने उप मुख्यमंत्री बनने का कमाल भी कर दिखाया। बिहार में भाजपा का रथ अगर कोई रोकता है तो वो है राजद और कांग्रेस का गठबंधन। राजद ने भी घाट-घाट का पानी पिआ है लेकिन कांग्रेस का साथ कभी नहीं छोड़ा। वे देश में धर्मनिरपेक्षता और समाजवादी सोच से डिगे नहीं। ईडी और सीबीआई भी राजद के तेज को फीका नहीं कर पायी। बिहार से लगे झारखण्ड में भी मोदी जी के सपने में बाधक नौजवान झामुमो के हेमंत सोरेन है। हेमंत का जन्मवर्ष 1975 है यानि वे भी अभी पचास पार के नहीं हुए हैं और विपक्षी एकता के लिए जेल में हैं लेकिन वे भी केंद्र की सत्ता के सामने झुके नहीं। उन्होंने भाजपा के आपरेशन लोटस को ठीक उसी तरह नाकाम बनाया जैसा की राजस्थान में अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल ने बनाया था। झारखण्ड में अभी भी झामुमो और कांग्रेस की सत्ता है। हेमंत भी अपने पिता शिबू सोरेन की राजनीतिक विरासत के वारिस हैं नौजवानों की इस टीम के एक और महत्वपूर्ण और परिपक्व नेता हैं आम आदमीपार्टी के अरविंद केजरीवाल। अरविंद अभी कुल 56 साल के है। पुराने नौकरशाह हैं और इस समय उनकी पार्टी की दिल्ली के साथ ही पंजाब में सरकार भी है। अरविंद केजरीवाल ने भी इंडिया गठबंधन से गठजोड़ कार लोकसभा चुनाव में उतरने का फैसला किया है। वे भाजपा की ' बी ' पार्टी की पहचान से मुक्ति पा चुके हैं ,उन्हें इंडिया गठबंधन से अलग रखने के लिए ईडी और सीबाई आई भी भाजपा के काम नहीं आयी ,केजरीवाल भाजपा को उसके गढ़ गुजरात में भी आँखें दिखा चुके हैं और गोवा में भी। आगामी लोकसभा संग्राम की एक और प्रमुख सेनानी बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी है। ममता बनर्जी प्रधानमंत्री मोदी जी से पांच साल छोटी और बाकी की नौजवान टीम से सबसे वरिष्ठ है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# मनुष्य का मनुष्य होने की परिणति साहित्यिक चिंतन

संजीव

**साहित्य** अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार होता है।साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलतःसाहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है।और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है।

## सेवा और मेवा

डॉ. सुरेश कुमार

अस्पताल का नाम था सेवा मंदिर। सेवा का तो पता नहीं डॉक्टरों को मेवा बहुत मिलता था। अस्पताल के आरंभिक दिनों में डॉक्टर ऑटो में आते थे। अब खुद की चार-चार कोठियाँ और ऑडी-बेंज कार हैं। मरीजों का तो पता नहीं डॉक्टरों की बल्ले-बल्ले है। या यूँ कहिए कि अस्पताल केंचुए से अजगर बनने की कड़ी में जेट स्पीड से बढ़ता जा रहा था। यहाँ कर्मचारी काम कम खुशामदगिरी ज्यादा करते थे। खुशामदगिरी का परिणाम यह हुआ कि काम करने वाला कोल्हू का बैल बनकर उनके इशारे पर नाचता था। मरीजों से पूछने पर पता चला कि अस्पताल ऊपर से कमल के फूल के समान सुंदर और भीतर से दलदल की तरह है। एक बार जो मरीज बनकर आता है उसका घर-बार बिकना तय है। यहाँ गरीबों की भी सेवा होती है, लेकिन सरकारी स्वास्थ्य कार्ड होना जरूरी है। कार्ड है तो वार्ड है। वरना यहाँ आना बेकार है। डॉक्टरों को इन कार्डधारकों को हैंडल करने के लिए खास तरीके की ट्रेनिंग दी गई है। कोई भी बाहरी बीमारी हो उसे बड़ा बताकर ऑपरेशन करने के लिए बाध्य करना इनकी चिकित्सकीय निपुणता का पहला और अंतिम निर्णय होता है। वैसे इस अस्पताल का नाम बीमा मंदिर होना चाहिए था। कारण, यहाँ बीमाधारी मरीजों को विशेष खातिरदारी होती है। मरीज के अस्पताल में प्रवेश करते ही सबसे पहले पूछा जाने वाला सवाल होता है झ क्या आपके पास बीमा है? यही मरीज ने हाँ कह दिया तो समझो डॉक्टरों की टीम जोंक की तरह उस पर टूट पड़ेगी। सेलाइन चढ़ाने से पहले खून चूसने का अपना मनपसंद काम शुरू कर देंगे। बीमा धारकों के भर्ती होने का मतलब अपनी गाड़ी सर्विसिंग देने जैसा है। जिस तरह गाड़ी का पुर्जा-पुर्जा खोलकर देखा जाता है ठीक उसी तरह ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, स्टूल टेस्ट, ईसीजी, एक्सरे, अल्ट्रास्कैन, फलाना स्कैन, ढिमका स्कैन सब कुछ कराया जाता है। ऐसा करने से बिल का पेपर खिच-खिच की आवाज के साथ अपनी लंबी जीभ के साथ बाहर आता है। बिल मरीज से ज्यादा उसके बीमा वाले पैसों का स्वाद चखने के लिए आतुर होता है। एक बात तो माननी होगी कि दुनिया में इतनी सारी समस्याएँ और मतभेद हैं बावजूद इसके बिल बीमाधारी मरीज के साथ कोई भेदभाव नहीं करता। सबको एक समान देखता और व्यवहार करता है।

## न्यूज फ्लैश

### मोदी-मनोहर सरकार संत शिरोमणि गुरु रविदास की शिक्षाओं को जमीन पर उतार रही है : कृष्ण छौक्कर



**समालखा/कुलदीप सिंह**
जिला भाजपा महामंत्री कृष्ण छौक्कर ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की शिक्षाओं के अनुरूप ही केन्द्र में मोदी व प्रदेश में सीएम मनोहर लाल की सरकार द्वारा जनकल्याण की योजनाएं चलाई जा रही है। भाजपा नेता कृष्ण छौक्कर शनिवार को समालखा हल्के के विभिन्न गांवों किवाना,मनाना व नारायणा में मनाई जा रही संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के समारोह में शिरकत कर समाज के लोगों को संदेश दे रहे थे। कृष्ण छौक्कर ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ने हमेंशा समाज उत्थान का काम किया। संत रविदास जी का वचन कि "ऐसा चाहूं राज मैं कि मिले सबन को अन्न, छोटे बड़ों सब सम बसै रविदास रहे प्रसन्न" को चरितार्थ करते हुए मोदी सरकार द्वारा देश के 80 करोड़ गरीबों व जरूरतमंद लोगों के लिए निशुल्क अनाज वितरण किया जा रहा है। संत गुरु रविदास जी की जयंती के अवसर पर जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर किवाना नतमस्तक हुए ओर भंडारे मे प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर संजय सरोहा,सतबीर नंबरदार,रोशन लाल सरोहा,संजय बाल्मीकि,संजय पहलवान, राकेश, विजय चोपड़ा,कर्मबीर चोपड़ा,तारा समेत हल्के के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### दीपिका देशवाल ने दिल्ली विश्वविद्यालय से अपनी पीएचडी की डिग्री पूर्ण की



**सोनीपत** की बेटी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम करने वाली दीपिका देशवाल ने आज दिल्ली विश्वविद्यालय से अपनी पीएचडी की डिग्री पूर्ण की। वाइस चांसलर योगेश सिंह जी ने दीपिका को डिग्री प्रदान करते हुए काफी सराहना की। दीपिका ग्रेजुएशन में भी कई बार दिल्ली विश्वविद्यालय में गोल्ड मेडल ले चुकी हैं और आज अपनी पीएचडी डिग्री पूर्ण कर अपना दम बरकरार रखा है। दीपिका ने छात्र राजनीति हो, या खेलों का मैदान, गिनीज बुक में नाम दर्ज होने की बात हो, या अमेरिका का तक कि दौड़, हरियाणा से लेकर युनाइटेड नेशंस हेडक्वॉर्टर अमेरिका तक अपने देश का नाम रोशन किया। जिसकी सराहना दिल्ली विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रॉक्टर सभी स्टाफ आदि ने सराहना करते हुए कहा कि दीपिका जैसे होनहार छात्रा हर घर में होनी चाहिए। जिसने सदैव देश का तिरंगा ऊँचा रखा और दिल्ली विश्वविद्यालय ही नहीं अपितु पूरे भारत का नाम रोशन किया है। हमें अपनी छात्रा पर गर्व है आज बुद्धिस्ट डिपार्टमेंट के हेड ने भी दीपिका को ढेर सारी बधाई दी। दीपिका को बचपन से ही डॉक्टर लगाने का जुनून था और पीएचडी करने का सपना था, जो दीपिका ने साकार कर दिखाया है। और देश के लिए लड़कियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनी रहेंगी। भविष्य के लिए दीपिका ने कहा है कि वह अब जो भी किताब, आर्टिकल कुछ भी पब्लिश करेंगी उससे जो भी कमाई होगी, दीपिका उस कमाई को महिलाओं के उत्थान व शिक्षा के लिए लगाएगी और सदैव छात्रों व युवाओं के हकों के लिए हमेशा लड़ती रहेंगी। अपनी हर मुमकिन कोशिश करेंगी कि हर छात्रा तक शिक्षा का अधिकार पहुँचे।

# रविदास जयंती के उपलक्ष्य में देवेन्द्र के नेतृत्व में निकाली विशाल झांकी

### मोटरसाईकिल पर सवार कादियान का जगह- जगह हुआ भव्य स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः** संत गुरू रविदास सेवा समिति द्वारा संत शिरोमणि गुरू रविदास के 647 वें जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में नगरपालिका रोड स्थित मंदिर में धूमधाम से मनाई गई। समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे मन्नत ग्रुप के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेन्द्र कादियान का समिति के प्रधान दयान्नद अहलावत, पालेराम आदि ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर मेधावी छात्रों को ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। इसके बाद शहर में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में सैकड़ों मोटरसाईकिलों के काफिले के साथ मन्नत ग्रुप के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेन्द्र कादियान रथ व मोटरसाईकिल पर सवार होकर रविदास मंदिर से शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापिस मंदिर में पहुंचकर समापन किया। यात्रा के दौरान देवेन्द्र कादियान ने संत गुरूदास रविदास के नारे लगाए। यात्रा के दौरान देवेन्द्र कादियान का नगरपालिका के पार्षदों व पूर्व पार्षदों के अलावा महिलाओं व गणमान्य लोगों ने स्वागत किया। यात्रा में विशाल झांकी आकर्षक का केन्द्र बनी। कादियान ने युवाओं को संत गुरू रविदास के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कादियान ने कहा कि संत रविदास एक महान मानवतावादी और धर्म सुधारक संत थे। उन्होंने अपना जीवन जातिविहीन और भेदभाव रहित समाज के निर्माण में लगाया। संत रविदास समानता में विश्वास रखते थे। हमें गुरु रविदास जी के जीवन और शिक्षाओं से प्रेरणा लेनी चाहिए। यात्रा में समिति के उपप्रधान मोहिन्द्र सिंहमार, जयनारायण, रामदिया रंगा, बिजेन्द्र अहलावत, पालेराम, सुखबीर, कृष्ण रंगा, रामकिशन मेहरा आदि मौजूद थे।

## 7 किलो गांजा फूल पत्ती मामले में फरार आरोपी अरेस्ट



**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला पुलिस ने साल 2023 में 6 जून को मधुबन एरिया के होटल द रॉयल के पास गाड़ी से 7 किलो 800 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद की थी, जिसमें आरोपी धनंजय जो कि गांजा फूल पत्ती सप्लाई करने आया था, मौके से फरार हो गया था। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना मधुबन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में सीआईए वन पुलिस टीम ने गत दिवस आरोपी धनंजय पुत्र इंद्र वासी जाजपुर, उड़ीसाइको गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश करके उसका दो दिन का रिमांड हासिल किया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी धनंजय से गहनता से पूछताछ की जाएगी और उन व्यक्तियों की भी गिरफ्तारी की जाएगी, जिनसे आरोपी यह गांजा फूल पत्ती लेकर आया था और जिनको यह गांजा फूल पत्ती सप्लाई करनी थी।

## खेड़ी गुज्जर गांव के राजकीय स्कूल से 131 टैब चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर।** गांव खेड़ी गुज्जर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक में शिक्षा विभाग की तरफ छात्रों की पढ़ाई के लिए उपल्बध करवाए गए 131 टैब चोरी हो गए। चोरी की शिकायत स्कूल के प्रधानाचार्य ने पुलिस को दी। पुलिस को दी शिकायत में स्कूल के प्रधानाचार्य ईश्वर सिंह ने बताया कि 19 फरवरी को स्कूल में आए तो देखा की अलमारी का ताला टूटा हुआ था। शिकायत में बताया कि जिस कमरे में टैब रखे हुए थे। उसके दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। पुलिस ने प्रधानाचार्य की शिकायत के बाद चोरी का मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।

# 'एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया सीएम खट्टर को करेगा सम्मानित'

### एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया ने सबसे पहले की थी मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से शहीद जवानों के परिजनों को एक करोड़ देने की मांग



**कमाल हुसैन**
**पानीपतः** पानीपत हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शहीद जवानों के परिजनों को आर्थिक मदद 50 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ करने पर एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने मुख्यमंत्री खट्टर का आभार व्यक्त किया और घोषणा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया सम्मानित करेगा। यह घोषणा शांडिल्य में आज पानीपत में विश्व हिन्दू तख्त के प्रदेश अध्यक्ष पंकज कपूर के निवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए की । वीरेश शांडिल्य ने कहा कि उनका संगठन लगातार यह मांग कर रहा था कि आतंकवाद से लड़ते हुए शहीद जवानों के परिजनों को 50 लाख की राशि की जगह एक करोड़ की राशि दी जाए। जिसे मुख्यमंत्री ने कल हरियाणा विधानसभा बजट में पास कर दिया जिससे मुख्यमंत्री खट्टर के देश भक्ति के जज्बे का पता चलता है क्योंकि शहीदों की बदौलत आज 140 करोड़ लोग आजादी की हवा में सांस ले रहे हैं। वीरेश शांडिल्य ने कहा कि मनोहर लाल खट्टर शहीदों का सम्मान करते हैं यह बात मनोहर लाल खट्टर ने जून 2017 में साबित की थी जब उन्होंने शहीद परिवारों को मिलने वाली 10 लाख की राशि को 50 लाख किया था। उस वक्त भी एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया ने मनोहर लाल खट्टर को सम्मानित किया था और अब फिर मनोहर लाल खट्टर ने शहीद परिवारों को सम्मान करते हुए शहीद परिवारों को मिलने वाली 50 लाख की राशि को 1 करोड़ कर दिया है।
एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने कहा कि यह संदेश गया कि हरियाणा में भाजपा सरकार शहीदों की शहादत को कभी भूलती नहीं और शहीदों की शहादत का सम्मान करती है। और शहीदों के परिवारों को याद रखती है। शांडिल्य ने घोषणा की कि मनोहर लाल खट्टर को एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया शहीद सेवा सम्मान से नवाजेगी।

## विश्वास चैरिटेबल ट्रस्ट ने विभिन्न क्षेत्रों में लगाया निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर

**हिसारः** विश्वास चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने संबंधी चलाए गए अभियान के तहत गांव सुंडावास व कैमरी रोड के समीप निशुल्क नेत्र जांच शिविर व चिकित्सा जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविरों में आजाद नगर के विश्वास मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के चिकित्सकों ने मरीजों की निशुल्क जांच करके उचित परामर्श दिया। इस दौरान यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गई। इन शिविरों का सुंडावास व कैमरी सहित आसपास के क्षेत्रों के 270 लोगों ने लाभ उठाया। विश्वास चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सीए प्रणय अग्रवाल ने बताया कि यह ट्रस्ट सामाजिक व स्वास्थ्य संबंधी सरोकारों से जुड़ा हुआ है। प्रसिद्ध चिकित्सक स्वर्गीय डॉ. सज्जन सिंह के आदर्शों पर चलते हुए विश्वास अस्पताल के चिकित्सकों के सहयोग से निरंतर निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान जिन बुजुर्गों की आंखों में सफेद मोतियाबिंद की शिकायत मिलती है, उन्हें प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क नेत्र ऑपरेशन करवाने संबंधी विस्तृत जानकारी दी जाती है। उन्होंने बताया कि विश्वास अस्पताल में नेत्र ऑपरेशन, सामान्य रोग, कान, नाक व गला रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, स्किन रोग व मनोरोग सहित विभिन्न रोगों के इलाज की समुचित व्यवस्था है।

# गौशाला में दानवीरों को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः** छोटी मंडी के निकट स्थित गोशाला में शनिवार को दानवीरों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह में गौमाता में दान देने वाले प्रमुख दानवीरों को सम्मानित किया गया। इस दौरान मन्नत ग्रुप के चेयरमैन विरेंद्र कादियान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कादियान ने गोशाला समिति के पदाधिकारियों के सहयोग से गौमाता में दान करने वाले दानवीरों को सम्मानित किया। इससे पहले गौमाता समिति के पदाधिकारियों ने गौमाता में देने वाले विरेंद्र कादियान को भी सम्मानित किया गया। उनके अलावा राजेश पहलवान गुमड़, स्व. मास्टर मांगेराम राठी के पुत्र नरेंद्र राठी, सुबेदार अतरसिंह राठी, मांगेराम राठी, हुकम सिंह बोस, प्रताप सिंह दहिया, भानेराम, सुबेदार जगमेंद्र, रामकुमार, रामफल पांची व शेखचंद जैन आदि को भी सम्मानित किया गया। विरेंद्र कादियान ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय को माता का दर्जा दिया जाता है, इसलिए अपनी नेक कमाई का कुछ हिस्सा गौमाता की सेवा के लिए समर्पित अवश्य करना चाहिए।

## जोहड़ों को जीर्णोद्धार मेरी प्राथमिकता

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना (सोनीपत):** ग्रामीण विकास को समर्पित उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कड़ी चेतावनी दी कि गांवों के विकास को गंभीरता से लेते हुए समयबद्धता के साथ कामों को पूरा करवायें। यदि सरपंच रिजोलूशन करके किसी जेई व ग्राम सचिव के विरूद्ध शिकायत करेगा तो उन्हें तुरंत चार्जशीट किया जाएगा। यह कार्रवाई ग्राम पंचायत के रिजोलूशन पर संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) के खिलाफ भी की जाएगी।
उपमंडल गोहाना के गांवों के विकास के मंथन, समीक्षा के साथ विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से उपायुक्त डा. मनोज कुमार स्वयं गोहाना पहुंचे, जहां उन्होंने लघु सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में सामने आया कि कुछ ग्राम सचिवों की ढ़िलाई के कारण ग्राम पंचायतों के पास पैसा होने के बावजूद गांव में विकास को गति नहीं मिल पा रही। इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए उन्होंने ग्राम सचिवों को कठोर चेतावनी दी। उन्होंने दो सप्ताह का समय दिया कि वे विकास कार्यों को गति प्रदान करें।

# 'भाजपा-जजपा सरकार अपने आखिरी बजट में भी अपने वायदे पूरे नहीं किए'



**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** पूर्व विधायक जसबीर मलौर ने प्रदेश के बजट को निराशाजनक बताते हुये कहा कि सरकार ने किसी भी वर्ग के लिये कोई राहत नही दी। उन्होंने कहा सरकार द्वारा झूठे आंकड़ों के मकड़जाल से जनता को गुमराह किया गया है। पूरे बजट में ना कहीं एमएसपी का जिक्र है और ना ही एमएसपी पर बोनस का । सरकार ने बुजुर्गों की 5100 रूपए पेंशन को लेकर कुछ नहीं किया, ना ओल्ड पेंशन स्कीम का जिक्र किया। मलौर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2024-25 के लिये विधानसभा में पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार द्वारा 5 लाख किसानों को लाभ देने वाले बजट का ढिढोरा पीटा जा रहा जबकि कृषि बजट में 0.28 % कटौती की गई है। कृषि बजट को 11.80 से घटाकर 11.52 % किया गया है ।कांग्रेस सरकार ने किसानों के 2200 करोड़ के कर्ज माफ किये थे । यही नही हुड्डा सरकार के कार्यकाल में 1600 करोड़ के बिजली बिल भी माफ किये गए थे। खट्टर सरकार ने कृषि बजट में 1122 करोड़ की भारी कटौती करके किसान विरोधी होने का प्रमाण दिया है। इसी प्रकार किसानों से जुड़े सहकारिता विभाग में भी 149 करोड़ रुपए की भारी कटौती की गई है।
उन्होंने कहा कि प्रदेश बेरोजगार युवकों के लिये रोजगार के लिये बजट में कोई प्रावधान नही किया गया।

## कल लघु सचिवालय में किया जाएगा कैम्प का आयोजनः उपायुक्त

**सोनीपतः** उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने बताया कि 26 फरवरी सोमवार को स्वास्थ्य विभाग सोनीपत द्वारा एनपी-एनसीडी कार्यक्रम के तहत प्रातः 10 बजे लघु सचिवालय सोनीपत में गैर संचारी रोगों का स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया जाएगा।
उन्होंनें लघु सचिवालय स्थित सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों / कर्मचारियों का स्वास्थ्य जांच करवाने का निर्देश दें। इस जांच शिविर में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों एवं हेल्थ स्टाफ द्वारा एचबी, रक्तचाप, रक्त शर्करा, मौखिक कैंसर, स्तन कैंसर, ग्रीवा कैंसर की स्क्रीनिंग की जाएगी।

# हत्या कर शव नहर में फेंकने वाले मामले में तीन काबू

### इस संबंध में अमन वासी घरौंडा का गुमशुदगी का हुआ था मुकदमा दर्ज

**गहनता**

आरोपी प्रदीप को पेश न्यायालय कर चार दिन के रिमांड पर लिया गया। आरोपी से गहनता से होगी पूछताछ




**राजकुमार प्रिंस**
**करनालः** थाना घरौंडा की टीम ने अमन वासी घरौंडा की हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। टीम द्वारा एक नाबालिग सहित अन्य दो आरोपी अक्षय पुत्र रमेश वासी घरौंडा को 21 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था और प्रदीप पुत्र ओमप्रकाश वासियान घरौंडा को कल गिरफ्तार किया गया है। जिसमें आरोपी प्रदीप को पेश न्यायालय कर चार दिन के रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ कर हत्या के कारणों के बारे पता लगाया जाएगा। इस संबंध में अजय पुत्र सुभाष वासी घरौंडा ने थाना घरौंडा में शिकायत दी थी कि उसका भाई अमन 4 फरवरी से लापता है और उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। शिकायत के आधार पर थाना घरौंडा में अमन की गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने पर थाना घरौंडा की टीम द्वारा आगामी कार्यवाही करते हुए पाया गया कि उपरोक्त तीनों आरोपी अमन के दोस्त थे, जो कि 4 फरवरी को साथ में मोटरसाइकिल पर बैठकर जानी गांव में नहर पटरी के पास पार्टी करने गए हुए थे। उपरोक्त आरोपियों ने खुद भी शराब का सेवन किया और अमन को भी अत्यधिक शराब का सेवन कराया और फिर उसके सिर में ईंट मारकर उसकी हत्या कर उसका शव नहर में फेंक दिया। और फिर वहां से भाग आए। आरोपियों के बयान के आधार पर मामले में हत्या की धाराओं को ईजाद कर दिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में पाया गया है कि रंजिश में ही आरोपियों ने अमन की हत्या की घटना को अंजाम दिया है।

# होनहार 35 छात्राओं को जयंती समारोह में कादियान ने किया सम्मानित

### शिक्षित बेटियां एक खुशहाल समाज बनाने के लिए बेहतर भूमिका निभा रही : देवेंद्र कादियान



**सम्मान**

समाज में बेहतर विकास के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। अभिभावक बेटियों को भी आगे बढ़ने का अवसर दें

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः** सतगुरु रविदास महाराज जी के 647वें प्रकाशोत्सव के मौके पर संत गुरु रविदास सेवा समिति द्वारा समिति अध्यक्ष दयानंद अहलावत की अध्यक्षता में मेधावी छात्र समारोह किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मन्नत ग्रुप के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने संत रविदास की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर नमन किया। कादियान ने कहा कि समाज में बेहतर विकास के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। अभिभावक बेटियों को भी आगे बढ़ने का अवसर दें, शिक्षित बेटियां एक खुशहाल समाज बनाने के लिए बेहतर भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले करीब 35 मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पहले मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान को ढोल नगाड़ों से स्वागत किया। समापन पर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जितेंद्र तूर, अजय, एसपी कलशन, सतबीर, राजेश भौरिया, जयनारायण, रामदिया रंगा, पालेराम, प्रदीप कुमार, हितेंद्र, कर्मबीर भौरिया, बिजेंद्र कटारिया, राजकुमार, कुलदीप, सुनील लंबू, सतबीर, राजेश आदि मौजूद रहे।
कादियान ने उक्त गांवों में भी जयंती पर की शिरकत रविदास भवन अहीर माजरा, बजाना खुर्द, भिगान, कुराड़, अगवानपुर, तेवड़ी, बड़ी और भादी गांव में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के तौर पर समाजसेवी देवेंद्र कादियान पहुंचे और लोगों को संत गुरु रविदास के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर देवेंद्र, राकेश कुमार, शमशेर, धर्मेंद्र, मंजीत कुमार, विशाल आदि मौजूद रहे।

# मेहनत के बल पर सफलता को छूने वालों का स्वावलंबन मंच ने किया सम्मान



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः** स्वावलंबन मंच गन्नौर द्वारा रविवार को लाला गढ़ी स्थित उमंग पाठशाला के प्रांगण में वसंतोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षाविद संतोष राठी ने बतौर मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। जबकि पीएमश्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल की प्राचार्या सुमन शर्मा, जिला सहायक परियोजना संयोजक अमित भनवाला, शारीरिक शिक्षा अध्यापक सुनील कुमार व सेवानिवृत प्राचार्य एसपी कटारिया, दिशा संगठन से मुकेश दिगानी ने विशिष्टातिथि के तौर पर शिरकत की। अतिथियों का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वावलंबन मंच अध्यक्ष सहायक प्रोफेसर देवेंद्र मलिक व महासचिव डा. अतर सिंह ने पौधे भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर हरियाणवी लोक गायक राहुल पुट्ठी व रिंकल ने हरियाणवी गाने की प्रस्तुती दी। जबकि सलमा व दानिर ने लोकनृत्य पेश किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वालों व अपनी मेहनत के दम पर उपलब्धि हासिल कर चुके सोनीपत, पानीपत व महेंद्रगढ़ जिले के 110 लोगों का सम्मान हुआ।

# राजीव जैन ने दी संत शिरोमणि गुरू रविदास की 647वीं जयंती की बधाई

## रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए दिया नियमित रक्तदान पर बल

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने लाल दरवाजा स्थित गुरू रविदास मंदिर परिसर में संत शिरोमणि गुरू रविदास जी की 647वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की और कहा की गुरू रविदास को संतो में शिरोमणि का दर्जा दिया गया है, जिन्होंने मन चंगा तो कठौती में गंगा का संदेश दिया। ऐसे विरले संत सदैव पूजनीय रहेंगे, जिनकी शिक्षाएं व संदेश युगों-युगों तक मानव का पथ प्रदर्शन करेंगे।



राजीव जैन ने विकास नगर, गढ़ी घसीटा में आयोजित कार्येकर्मों में भी भाग लिया और कहा कि अगर हमारी आत्मा और हृदय शुद्ध है तो हम पूरी तरह से पवित्र है। आपसी सौहार्द व भाईचारे का संदेश देते हुए संत रविदास ने समाज को नई दिशा देने का काम किया। उन्होंने कहा कि संत गुरू रविदास जी ने उस समय सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका सम्पूर्ण जीवन सदाचार, सादगी और कर्मयोग का संदेश देता है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों से आह्वान किया कि हम सब संत रविदास जी के बताए मार्ग का अनुसरण करते हुए सद्भाव एवं भाईचारे को और मजबूत बनाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि संत रविदास सरीखे महान संतों के दिखाए मार्ग पर आगे बढना है तभी समाज में आपसी सौहार्द व उन्नति की राह प्रशस्त होगी। उन्होंने ने कहा कि जीवन में कर्मों का सर्वाधिक महत्व होता है। संत रविदास ने भी अच्छे कर्म करने पर बल दिया है। हमने जब इस धरती पर जन्म लिया तो हम खाली हाथ आए थे और जब हमारी मृत्यु होगी तो हम खाली ही हाथ वापिस जाएंगे। हमारे साथ जांएगे तो केवल हमारे अच्छे कर्म। इसलिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में अच्छे कर्म करने चाहिए ताकि भगवान भी हमें सुखी जीवन दे सके। उन्होंने कहा कि हमें हर समय जरूरतमंद व्यक्तियों की मदद के लिए हमेशा आगे रहना चाहिए। ताकि वह व्यक्ति भी अपने जीवन में सुखी रह सके। हमारे महापुरूषों व संत गुरूओं ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि हमें अच्छे कर्म करने चाहिए दूसरे लोगों की सहायता के लिए हमेशा आगे रहना चाहिए।

राजीव जैन ने इस मौके पर आयोजित रक्तदान शिविर का भी शुभारंभ किया। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए।

# एम डीएवी स्कूल में सिल्वर जोन ओलिंपियाड में 150 बच्चों ने लिया भाग

**प्रतियोगिता**

**8 ओलंपियाड में चार विद्यार्थियों कृषांग, प्रांजल, अनीश को स्वर्ण पदक के साथ ही कूपन भी प्राप्त हुए**



**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** विद्यालय में विभिन्न विषयों पर करवाए जाने वाले ओलंपियाड विद्यार्थियों को कुछ ज्यादा परिश्रम करने के लिए उत्साहित करते हैं। मुरलीधर डीएवी विद्यालय में इस वर्ष अंग्रेजी, गणित, समाज विज्ञान व विज्ञान विषय पर सिल्वर जोन ओलिंपियाड में कक्षा एल के जी से दसवीं तक के 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। ओलिंपियाड की कोऑर्डिनेटर सुमन सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि सिल्वर जोन अन्तर्राष्ट्रीय अंग्रेजी ओलिंपियाड में 9 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक,4 विद्यार्थियों को रजत ,1 विद्यार्थी को कांस्य व 31 विद्यार्थियो को सम्मान पत्र प्राप्त हुए हैं।

श्रीमती सोनी ने यह भी बताया कि ओलंपियाड में कि चार विद्यार्थियों आदर्शवीर, कृषांग नारंग , प्रांजल ,अनीश महापात्रा को स्वर्ण पदक के साथ ही 500 के गिफ्ट कूपन भी प्राप्त हुए।

सिल्वर जोन द्वारा करवाए गए सभी विषयों के प्रथम स्तर की परीक्षा में सात विद्यार्थियों ने लेवल 2 पर अपना स्थान बना लिया है।

श्रीमती सुमन सोनी ने यह भी जानकारी दी कि कक्षा 9 की अंकिता कक्षा 2 से अनीश, प्रान्जुल ,कृषांग , दर्शवीर व कक्षा एक के आराध्या ने ओलंपियाड के पहले स्तर को उत्तीर्ण कर दूसरे स्तर पर पहुंच गए हैं।

विद्यालय प्राचार्य व ए आर ओ डॉ राधा रमण सूरी ने विश्वास जताया कि इन सभी परीक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास व मनोबल ऊंचा होगा।

# 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा :** जौरासी रोड स्थित गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मानसी, दीपिका , सोनी, दिपांशी ने तिलक लगाकर प्रबंधक समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों, प्रधानाचार्य व विद्यार्थियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा व अध्यापकगण द्वारा दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना से किया गया। तदुपरांत कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह में छात्रा मानसी,नेहा , रितु, ईशिका व साक्षी ने ग्रुप डांस प्रस्तुत किया। छात्रा चेतना द्वारा शानदार एकल नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में फन गेम भी करवाए गए और विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए। 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा सभी शिक्षकों व सहायक कर्मियों को टाइटल देकर सम्मानित किया गया।

**विदाई समारोह**

**8 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया**

विद्यार्थियों द्वारा रैंप वॉक किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को अलग-अलग खिताब से सम्मानित किया गया, जिनमें मिस्टर फेयरवैल मनिष, मिस फेयरवैल साक्षी,

कार्यक्रम में मंच संचालन छात्रा ईशू,प्रिया अध्यापिका सोनिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर नर्सरी से बाहरवीं तक अपनी विद्यालयी शिक्षा पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा, प्राध्यापक जितेंद्र उत्तम, उपप्राचार्य रमेश वत्स व स्कूल प्रधानाचार्या अनिता धीमान ने सभी विद्यार्थियों के अच्छे भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट

# डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से विशाल जूस के लंगर का आयोजन

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी के 647वें पावन प्रकाशोत्सव के उपलक्ष में सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) ने अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से विशाल जूस के लंगर का आयोजन किया। इस अवसर पर हरियाणा हाईकोर्ट चंडीगढ़ के वरिष्ठ एडवोकेट जवाहर गोयल, पूर्व उप जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार तुषार, ओमप्रकाश सरोहा, पूर्व पार्षद ओमप्रकाश, रमेश थाना की अध्यक्षता में विशाल जूस का लंगर लगाया गया। सेवा ट्रस्ट यूके के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने गुरु रविदास जी के जन्म और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का आवाहन किया।उन्होंने गुरु रविदास जी को सच्चा समाज सुधारक बताया। इस अवसर पर अपने संबोधन में बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत भूमि धर्म भूमि है। इस भारतभूमि पर अनेक संतों, महात्माओं, पीर,पैगंबरों ,फकीरों और महापुरुषों का जन्म हुआ है। जिन्होंने अपनी दिव्य वाणी से समाज का पथ प्रदर्शन किया और समाज को रूढ़ियों,अंधविश्वासो और कुरीतियों से मुक्त करने का प्रयास किया। संत रविदास जी ने ऐसे समाज की परिकल्पना की जिसमें सभी धर्म, वर्ण, जाति और संप्रदाय के लोग आपस में प्रेमपूर्वक और भाईचारे की भावना से रह सके। गुरु रविदास सभा कुरुक्षेत्र की और से प्राध्यापक ओमप्रकाश सरोहा ने सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया और उनकी को स्पॉन्सर डाबर इंडिया का इस पुण्य कार्य के लिए धन्यवाद किया की आज गुरु रविदास जी के पावन पर्व पर विशाल जूस का लंगर लगाया है। इस अवसर पर रमेश थाना ,विजय पंघाल,पूजा सैनी, योगेश गर्ग, विजय गर्ग, मास्टर रमेश गर्ग, मास्टर राजिंदर, मास्टर सुधीर डांडा, आशु सैनी वह बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



**सम्मान**

**~~8 पंजीकरण 6 तक किए जा सकते हैं, जिसके लिए ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च 2024 से आयोजित होगी~~**

# कार की टक्कर से ऑटो सवार की मौत, दो घायल

**सोनीपतः राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर नाथूपुर फ्लाईओवर के पास ऑटो व कार की टक्कर में युवक की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने पीजीआई रोहतक में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव असावरपुर निवासी अनिल उर्फ नान्हा ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त गांव रायपुर के विनोद व बलवान के साथ ऑटो से कुंडली बॉर्डर पर गया था। देर शाम वह ऑटो से वापस असावरपुर आ रहे थे।

# छावनी सिविल अस्पताल में अब मिलेगी आंखों में लेजर ऑपरेशन की सुविधा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ के द्वारा जल्द ही शुगर के मरीजो को आखों में लेजर ऑपरेशन व इंजेक्शन की सुविधा मिलने जा रही है। अभी तक जिसके लिए मरीजों को या तो प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करवाना पड़ता था या फिर पीजीआई चंडीगढ़ के चक्कर लगाने पड़ते थे लेकिन अब यह सुविधा अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में ही जल्द ही शुरू की जाएगी। इस बारे में जानकारी देते हुए



नेत्र रोग विशेषज्ञ (एचओडी-आई) डॉक्टर रेनू बेरी ने बताया कि वह एक महीने की इंदौर में इंटीरियर वेक्टरटॉमी व मेडिकल रेटिना की ट्रेनिंग डॉक्टर धेवित शाह की देखरेख में की गई है। यह ट्रेनिंग डीएचएस डॉक्टर कुलदीप सिंह व सिविल सर्जन डॉक्टर राकेश सहल के प्रयासों से संभव हो पाई है। जिससे अम्बाला में डायबेटिक रेटिनोपैथी क्लिनिक बनाने हेतु सिविल सर्जन व डीएचएस को अवगत करवा दिया गया है। इस संबंध में उपकरणों की भी डिमांड भिजवा दी गई है।

**चेकअप**

**8 मरीजों को कम से कम साल में एक बार अपनी आँखों का चेकअप जरूर करवाना चाहिए**

डॉक्टर रेनू बेरी ने बताया कि जिन मरीजो को लंबे समय से शुगर होती है या जिन मरीजो की शुगर कंट्रोल में नही होती उससे मरीजो की आँखों पर असर ज्यादा पड़ता है और उनकी आँखों की रोशनी कम होती चली जाती है इसीलिए मरीजों को कम से कम साल में एक बार अपनी आँखों का चेकअप जरूर करवाना चाहिए और ऐसे मरीजो को अगर आखों से जुड़ी कोई भी दिक्कत हो तो तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच करवाएं।

# रविदास जयंती के उपलक्ष्य मे कार्यक्रम संपन्न



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** सामाजिक समरसता के आध्यात्मिक उपासक संत शिरोमणि रविदास जी का जीवन, संघर्षों और चुनौतियों की महागाथा है। जहां उन्हें जन्म से लेकर मृत्यु पर्यंत पग-पग पर प्रताड़ना, यातना, अपमान, तिरस्कार, उपेक्षा और हेय दृष्टि का व्यवहार अनुभूत हुआ। विभिन्न प्रकार की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक निर्योग्यताओं से संघर्ष करते हुए संत रविदास ने मानवीय गरिमा को सही अर्थों में समझा और अस्पृश्य समाज को समझाते हुए कहा कि तुम हिंदू जाति के अभिन्न अंग हो, तुम्हें शोषित, पीड़ित और दलित जीवन जीने की अपेक्षा मानवाधिकारों के लिए संघर्षरत रहना चाहिए। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने संत शिरोमणि रविदास जयंती के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ संत रविदास के चित्र के समक्ष माल्यार्पण, पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा संत रविदास का जन्म भारत में जिस काल में हुआ उस समय समाज का स्वरूप अत्यंत विक्षुब्ध, अशांत और संघर्षमय था। आतताइयों के आक्रमण के कारण समाज किंकर्तव्यविमूढ़ स्थिति में था। छोटी-छोटी रियासतों में विभक्त भारतीय रियासतें मिथ्या दंभ और अभिमान में एक-दूसरे से युद्ध कर रही थीं। जर्जर सामाजिक ढांचा रूढ़ियों, प्रथाओं, अंधविश्वासों, मिथ्या आचरणों, आडंबरों और पाखंडों से सराबोर था।

**समरसता**

**8 जर्जर सामाजिक ढांचा रूढ़ियों, प्रथाओं, अंधविश्वासों, मिथ्या आचरणों, आडंबरों और पाखंडों से सराबोर था**

# श्री गुरू रविदास न्यायपूर्ण समाज के पक्षधर थेः संदीप

**धूमधाम से**

**8 संदीप गर्ग ने दर्जनों गांवो में जाकर ग्रामीणों को दी गुरू रविदास जी के प्रकट दिवस की बधाई**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/लाडवाः** शनिवार को समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग द्वारा लाडवा हल्के के दर्जनों गांवो में जाकर ग्रामीणों के साथ संत शिरोमणि श्री गुरू रविदास जी के 647वें प्रकट दिवस धूमधाम से मनाया गया। इतना ही नहीं गांवो में पहुंचने पर समाजसेवी संदीप गर्ग का ग्रामीणों द्वारा ढोल नगाड़ो व फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि लाडवा हल्के में धूमधाम से श्री गुरु रविदास जी का प्रकट दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि श्री गुरू रविदास जी हमारे देश के महान संत में थे। वह समान, न्यायपूर्ण व करूणामय समाज के पक्षधर थे। उनकी शिक्षाएं हर काल व समय के लिए व समाज के सभी वर्गो के लोगों के लिए प्रांसगिक हैं।



उन्होंने कहा कि हम सभी को गुरू रविदास जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर आगे बढ?ा चाहिए वह उनसे प्रेरित होकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए।

वहीं शनिवार को नेता संदीप गर्ग ने गांव बड़ाचपुर, जैनपुर, लाडवा, बहलोलपुर, बरोट, डूडी, कड़ामी, बन, सूरा, भूतमाजरा, मुरादनगर, सम्भालखा, ध्यांगला, पटाकमाजरा, गुढ़ा, बकाली, छलौंदी, बड़शामी आदि में जाकर श्री गुरू रविदास जी के मंदिरों में माथा टेका व लोगों को बधाई दी।

मौके पर सतीश कुमार, अनुज कुमार, मांगा राम, इमना कटारिया, सूबे सिंह, जितेन्द्र कुमार, सन्नी, घनश्याम काम्बोज, अनुज गर्ग, मनोज धवन आदि मौजूद थे।

# विद्यालय गुहना में पक्षी विहार का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**गांव** के राजकीय विद्यालय में स्टाफ के प्रयास से पक्षियों के लिए दान व पानी हेतु पक्षी विहार बनाया गया है इसका शुभारंभ विद्यालय स्टाफ से रीना व नीलम लेक्चर द्वारा दान डलवा कर किया गयो विद्यालय प्राचार्य आशा ने बताया कि विद्यालय से जेबीटी अध्यापक अनिल राठी ने इस काम के लिए बहुत मेहनत की है उन्होंने बताया कि पक्षियों के प्रति अनिल राठी का अपार लगाव से मैं बहुत प्रभावित हुई हूं इस बारे में अनिल राठी ने बताया कि गर्मियों के दौरान पक्षियों को दान व पानी की बहुत समस्या हो जाती है बड़ी संख्या में पक्षी मर भी जाते हैं इसको देखते हुए उन्होंने पर्यावरण मित्र मंडली से संपर्क किया, जिनकी देखरेख में पुलिस लाइन में भी पक्षी विहार चलाया जा रहा है।

**पहल**

**8 गांव के राजकीय विद्यालय में स्टाफ के प्रयास से पक्षियों के लिए दान व पानी हेतु पक्षी विहार बनाया गया है**

# पत्नी की गला दबाकर हत्या करने के आरोपित को अदालत में किया पेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः शहर** के सारंग रोड पर स्थित रेलवे पार्क के अंदर महिला स्वास्थ्य कर्मी की गला दबाकर हत्या करने के आरोपित पति भानू निवासी पांची को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपित के बताए अनुसार वारदात में प्रयुक्त बाइक को बरामद कर लिया है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। यह था मामला-न्यू चिन्तपूर्णी कॉलोनी मुरथल रोड निवासी संतरा ने गत 14 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी निशा (35) अपने बेटे के साथ उसके पास रहती थी। उसकी बेटी निशा मोहल्ला क्लीनिक दिल्ली में नौकरी करती थी। उसकी बेटी का पति भानू निवासी पांची बेटी के चरित्र पर संदेह करता था। वह उससे नौकरी छोड़ने के लिए कहता था। छोटी-छोटी बातों को लेकर उसकी बेटी के साथ झगड़ा करता रहता था। महिला ने बताया कि बुधवार देर शाम को उसकी बेटी निशा को हुड्डा पार्क में भानू लेकर गया था। उसके साथ बेटा रोनित भी गया था। उसने रोनित को पार्क में खेलने के लिए कहा। उसके बाद उसकी बेटी निशा को नौकरी छोड़ने के कहने लगा। उसने मना किया तो जान से मारने की धमकी दी। उसकी बेटी ने घर पर आने के बाद सोने से पहले उसे सारी बातें बताई। सुबह उसकी बेटी डयूटी के लिए घर से निकली। उन्हें सूचना मिली कि उसकी बेटी की गली दबाकर हत्या की हुई है। उसका शव सारंग रोड पर रेलवे पार्क में पड़ा हुआ है। सूचना के बाद वह मौके पर पहुंची।

**बरामद**

**8 पुलिस ने आरोपित के बताए अनुसार वारदात में प्रयुक्त बाइक को बरामद कर लिया है**

# सीएम कप में पहले 3 स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को मिलेंगी 2 लाख

## कबड्डी, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, खो-खो, फुटबॉल व बॉस्केटबॉल खेलों में करवाया जाएगा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि 28 फरवरी से ब्लॉक, जिला व राज्य स्तर पर हरियाणा सीएम कप का आयोजन कबड्डी, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, खो-खो, फुटबॉल व बॉस्केटबॉल खेलों में करवाया जाएगा। यह सीएम कप प्रतियोगिता 28 फरवरी से 4 मार्च 2024 तक ब्लॉक स्तर व 5 मार्च को जिला स्तर तथा 7 मार्च से 9 मार्च तक राज्य स्तर पर जिला पंचकूला में करवाई जाएगी। इन प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाली टीमों को क्रमशः 2 लाख, 1.50 लाख और 2 लाख रुपए का इनाम प्रदान किया जाएगा।

डीएसओ मनोज कुमार ने कहा कि सीएम कप में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी अपना रजिस्ट्रेशन हरियाणास्पोटर्स.जीओवी.इन/सीएम-कप-2024 पर सकते है। इन प्रतियोगिताओं में निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा और किसी भी खिलाड़ी की आयु 23 वर्ष से अधिक होने पर टीम को डिसक्वालीफाई कर दिया जाएगा, खो-खो, कबड्डद्दी, हैंडबॉल, वॉलीबॉल व बॉस्केट बॉल की टीम में 12 खिलाड़ी व फुटबॉल टीम में 18 खिलाड़ी होंगे। सीएम कप के ब्लॉक स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन 28 फरवरी को ब्लॉक



थानेसर व पिपली की प्रतियोगिताएं द्रोणाचार्य स्टेडियम कुरुक्षेत्र में आयोजित की जाएंगी। इसमें कबड्डद्दी नेशनल स्टाइल, खो-खो, बास्केट बॉल, हैंडबॉल, फुटबॉल व वॉलीबाल की प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इन प्रतियोगिताओं में 23 वर्ष आयुवर्ग तक के लडके व लड़कियां भाग ले सकेंगे। सीएम कप के तहत इन्ही प्रतियोगिताओं का आयोजन पिहोवा ब्लॉक में 29 फरवरी को मिनी खेल स्टेडियम भेरियां व गुरुनानक देव अकेडमी गुमथला गढु में होंगी। इसी तरह शाहबाद ब्लॉक में 1 मार्च को रामप्रसाद डीएवी पब्लिक स्कूल, सतलुज पब्लिक स्कूल शाहबाद, राजीव गांधी खेल परिसर सुढपुर व आर्य सीनियर सैंकेडरी स्कूल शाहबाद में प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

उन्होंने कहा कि 2 मार्च को ब्लॉक बाबैन ब्लॉक की प्रतियोगिताओं का आयोजन राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेंकेडरी स्कूल बाबैन व राजकीय उच्च विद्यालय रामशरण माजरा में होगा, 3 मार्च को ब्लॉक लाडवा की प्रतियोगिताओं का आयोजन इंदिरा गांधी नैशनल कॉलेज लाडवा व 3 मार्च को ही इस्माईलाबाद ब्लॉक की प्रतियोगिताओं का आयोजन एमएस सीनियर सैकेंडरी स्कूल झांसा में होगा। इसके अलावा 5 मार्च को सीएम कप की जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन द्रोणाचार्य स्टेडियम कुरुक्षेत्र में होगा। डीएसओ मनोज कुमार ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं के लिए प्रशिक्षक नीरज कुमार, रामनिवास, गुरबाज सिंह, चांद राम, गौरव शर्मा, रोशनी देवी, जितेंद्र सिंह की इंचार्ज के रुप में डयूटियां लगाई गई है।

# कलयुग हमने बनाया और सतयुग भी हम ही बनाएंगे : बी.के.

## कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा मुख्य अतिथि मौजूद रहे



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** प्रख्यात आध्यात्मिक अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता बी.के शिवानी बहन ने कहा कि स्वर्ग और नरक का आधार संस्कार है और संस्कार से संकल्प बनते हैं। कलयुग हमने बनाया है और सतयुग भी हम ही बनाएंगे। वे ब्रह्माकुमारीज एवं यूथ रेड क्रॉस कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वाधान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्रीमद् भागवत गीता सदन के सभागार में "अवकेनिंग दा बेस्ट सेल्फ" (सर्वोत्तम से स्व को जागृत करना) विषयक कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों को संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा मुख्य अतिथि मौजूद रहे। वाइस चांसलर सोमनाथ सचदेवा, ममता सचदेवा, रजिस्टार संजीव शर्मा, संयोजक दिनेश राणा, राजयोगिनी बीके सरोज दीदी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी महानुभावों ने बी .के शिवानी बहन को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और राजयोगिनी बीके सरोज बहन ने पुष्प गुच्छ और शाल ओढ़ा कर गणमान्य अतिथियों को सम्मानित किया। बी.के शिवानी बहन ने अपने दिव्य उद्बोधन में कहा कि बचपन से हमें सिखाया जाता है कि कुछ बनना है ,कुछ बनना है परंतु यह बात बाह्य थी। बाहर सब कुछ पा लेने के बाद भी मन में हलचल क्यों है। उपस्थित लोगों से प्रश्न करते हुए पूछा कि खुशी, शांति, प्यार किसे चाहिए? आज सब कुछ पा लेने के बाद भी खुशी चाहिए ऐसा क्यों? उन्होंने आगे बताया कि देवी देवताओं के चित्र देख रूहानियत का एहसास होता है। उन्होंने आगे कहा कि अब अपना चित्र देखिए जिसमें केवल लेने वाले हाथ, अहंकार, परेशानी

**पुष्प गुच्छ**

**8 खुशी, शांति, प्यार किसे चाहिए? आज सब कुछ पा लेने के बाद भी खुशी चाहिए ऐसा क्यों?**

की लकीर, नफरत, गुस्सा, प्यार, सब कुछ चेहरे पर दिखाई देता है। इसका कारण बताया कि पर चिंतन, चिंताएं और परेशानी है। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी का उदाहरण देते हुए बताया कि हम इस यूनिवर्सिटी में बेस्ट बनने आते हैं। स्वास्तिक चिन्ह को समझाते हुए सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलयुग सृष्टि चक्र का ज्ञान दिया। आज हम कलयुग में सोच सोच कर स्वयं को मारते हैं। उन्होंने बताया कि परमात्मा का वायदा है जब-जब धर्म की अति ग्लानि होती है तब मैं आऊंगा पर मुझे कोटो में कोई पहचानेगा। अपने संकल्पों से खुद को मारते हैं। उन्होंने कहा कि दुआ देना मतलब सामने वाले में शक्ति की कमी है, किसी की मन की स्थिति कमजोर है, तो क्या हमें उसे मदद करनी चाहिए, क्या उसे शक्ति देनी चाहिए। अपने वक्तव्य के बीच-बीच में छोटी-छोटी गतिविधियों के माध्यम से समझाया कि दूसरों के लिए एक-एक दुआ चुन सकते हैं। पर स्थिति हमारे मन की स्थिति बनती हैं और हमारे मन की स्थिति हमारे हाथ में नियंत्रित है। उन्होंने दुआ देने का तरीका बताते हुए कहा कि भगवान को नहीं बोलना कि इसे सद्बुद्धि दो पर स्वयं दुआ देनी है । गिरे हुए को उठाना है, उसे गिरना नहीं-यही उचित ऊर्जा देनी है।

# पिनचैक साईलेट चैपि.: तीन विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल जीता



**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा:** विद्यालय में राष्ट्रीय स्तर पर पिनचैक साईलेट चैपियनशिप 2023-24 मैं लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल समालखा पावटी रोड विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल व एक विद्यार्थी ने ब्रोंज मेडल और एक विद्यार्थी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम वरुण राहुल लवदीप ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया नकुल ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान सुरेंद्र गाल्याण व विद्यालय प्रिंसिपल व अन्य स्टाफ सदस्य ने विद्यार्थियों का जोरदार स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और बच्चों से कहा कि वह इनसे प्रेरणा लेकर आगे भी इसी प्रकार विद्यालय का नाम रोशन करें।

# 'हाईकोर्ट के आदेशों कि भी उड़ाई जा रही धज्जियां'

## जीटी रोड पर लगभग 450 करोड़ की भूमि घोटाले के मामले में हाई कोर्ट से स्टे होने के बावजूद कब्जाधारी धड़ल्ले से कर रहे हैं अवैध निर्माण



**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** पानीपत में सुर्खियों में रहा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का सैकड़ो करोड़ का घोटाला एक बार फिर अवैध निमार्णो को लेकर सुर्खियों में आ रहा है इस मामले में जोगिंदर स्वामी पूर्व जिला पार्षद ने आरोप लगाते हुए कहा कि जीटी रोड पर सेक्टर 6 में खसरा नंबर 720 की एचएसबीपी की जमीन पर हुडा अधिकारियों, तहसीलदार और तत्कालीन जिला राज्यसव अधिकारी राजकुमार भोरिया ने मिली भगत करके सैकड़ो करोड़ की हुडा लैंड की गलत तरीके से इंतकाल और रजिस्ट्रियां करवा दी जिसको लेकर हम लोगों ने प्रदर्शन कर इसकी उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की थी जिसमें हुडा विभाग ने माना कि यह हमारी भूमि है जिससे घबरा कर कब्जा धारी हाईकोर्ट चले गए और वहां से स्टेटस को हो गया था जिसकी आगामी तारीख 5 मार्च लगी हुई है। उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए वहां काबिज लोगों द्वारा हुडा विभाग के पटवारी महेंद्र और जेई के साथ मिली भगत करके खुलेआम अवैध निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग सरकार को ठेगा दिखाने का कार्य कर रहे थे आज वह लोग माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं उन्होंने बताया की उन्होंने मुख्य प्रशासक हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, प्रशासक हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण रोहतक और स्टेट ऑफिसर पानीपत को इस मामले में शामिल भ्रष्ट अधिकारियों पर कारवाई करने और इस अवैध निर्माण को तत्काल प्रभाव से रोकने की मांग की है।

# न्यूज फ्लैश

## दिल्ली में अमेजॉन मिनी टीवी के लेटेस्ट शो रक्षक- इंडियाज ब्रेव्स: चैप्टर 2 की विशेष स्क्रीनिंग में शामिल हुए भारतीय सेना के जांबाज

**नई दिल्ली।** अमेजॉन मिनी टीवी – अमेजन की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सर्विस, ने रक्षक- इंडियाज ब्रेव्स फ्रेंचाइजी के तहत लेटेस्ट चैप्टर के लॉन्च के लिए एक स्पेशल स्क्रीनिंग का आयोजन किया। सम्मोहक कहानी, जो वास्तविक घटनाओं पर आधारित है, सूर्य चक्र पुरस्कार विजेता – नायब सूबेदार सोमबीर सिंह और डीवाईएसपी अमन ठाकुर की बहादुरी का सम्मान करती है, जिन्होंने सेना के काफिले पर दुखद पुलवामा हमले के कुछ दिनों बाद कुलगाम जिले में अ++ श्रेणी के आतंकवादियों से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। यह शाम युद्ध नायकों के लिए एक आदर्श श्रद्धांजलि थी क्योंकि स्पेशल स्क्रीनिंग में नायब सूबेदार सोमबीर सिंह और डीवाईएसपी अमन ठाकुर के परिवारों ने हिस्सा लिया। इसमें वेटरन मेजर, जे जे सिंह (रिटायर), जीपी कैप्टन अमित श्रीवास्तव (रिटायर्ड), कर्नल रोहित झा (रिटायर्ड), कर्नल वनीत मेहता (रिटायर्ड), ब्रिगेडियर धर्मराज सिंह (रिटायर), कर्नल शशांक कौशल, मेजर जनरल राजन कोचर वीएसएम (रिटायर) और कर्नल अनुपम गौड़ (रिटायर) ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में इंडियन मिलिट्री प्रोग्राम के कर्मियों की भी भागीदारी देखी गई, ये वे वेटरंस हैं जो अब अमेजॉन इंडिया में प्रमुख वर्टिकल्स को चलाते हैं। अमेजॉन मिनीटीवी के हेड ऑफ कंटेंट श्री अमोघ दुसाद के साथ-साथ जगरनॉट प्रोडक्शंस के सीईओ और प्रड्यूशर समर खान भी स्क्रीनिंग में एक्टर बरुण सोबती और विश्वास किनी के साथ उपस्थित थे। अपनी भावनाओं को साझा करते हुए, नायब सूबेदार सोमबीर सिंह की पत्नी श्रीमती सुमन देवी ने कहा, ह्लआज मैंने रक्षक-इंडियाज ब्रेव्स चैप्टर 2 सीरीज देखी, और ऐसा लगा जैसे मैं उस मिशन को लाइव देख रही थी जिसमें नायब सूबेदार सोमबीर सिंह और डीवाईएसपी अमन ठाकुर ने राष्ट्र के लिए अपना जीवन बलिदान किया था। नायब सूबेदार सोमबीर सिंह का किरदार निभाने वाले बरुण सोबती ने सराहनीय काम किया है, ऐसा लगा जैसे हम नायब सोमबीर सिंह को ही स्क्रीन पर देख रहे हों। मैं साहस की इस कहानी को बताने और इसे सबके सामने लाने के लिए पूरी टीम और विशेष रूप से बरुण सर का आभार व्यक्त करना चाहती हूं। इसे जोड़ते हुए, डीवाईएसपी अमन ठाकुर की पत्नी श्रीमती सरला गौरिया ने कहा, ह्लडीवाईएसपी अमन ठाकुर की पत्नी के रूप में, मैं जगरनॉट प्रोडक्शंस के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहूंगी जिन्होंने भारत के बहादुरों के बलिदान पर प्रकाश डाला और इसे दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया। यह कहानी सशस्त्र बलों द्वारा देश के लिए किये गये बलिदान और कर्तव्यों को दशार्ती है। रक्षक: भारत के बहादुर – अध्याय 2 बहादुरी और वीरता की एक कहानी है जो आपके दिल को छू जाएगी। जब मैंने शो देखा, तो ऐसा लगा जैसे मैं उस समय में वापस चली गई जब यह सब वास्तव में हुआ था। उस समय परिस्थितियों को देखते हुए यह बहुत कठिन स्थिति थी लेकिन मुझे गर्व है कि उन्होंने अपने देश को सुरक्षित रखने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। यह बहुत बड़ा सम्मान है. मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह शो न केवल उनके बलिदानों के लिए एक श्रद्धांजलि है बल्कि यह आज की युवा पीढ़ी को भी प्रेरित करेगा। एक बार फिर, मैं इस कहानी को बताने और देश को एक सैनिक के बलिदानों के बारे में बताने के लिए जगरनॉट प्रोडक्शंस की बहुत आभारी हूं।



## यूएस पोलो एसोसिएशन ने जयपुर के महामहिम महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह (पाचो) को अपना नया वैश्विक ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया

**नई दिल्ली। यूनाइटेड** स्टेट्स पोलो एसोसिएशन (यूएसपीए) के आधिकारिक ब्रांड, यूएस पोलो एसोसिएशन ने जयपुर, भारत के महामहिम महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह (पाचो) को अपना नया वैश्विक ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया। सवाई पद्मनाभ सिंह जयपुर के राजवंश के सदस्य हैं और वर्तमान में जयपुर के महाराजा भी हैं। एक पेशेवर पोलो खिलाड़ी, सिंह भारतीय राष्ट्रीय टीम के लिए खेले है और कप्तान की भूमिका भी निभाई है और अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चिली, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, थाईलैंड, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों में होने वाली टूनार्मेंट में भाग लिया है।पाचो की पोलो के खेल के प्रति जुनून और उत्साह ने इसे मैदान के बाहर लोकप्रिय बनाने में मदद की है, और आज जयपुर में होने वाले टूनार्मेंट ने दुनिया भर से दर्शकों को आकर्षित किया हैं। राजस्थान पोलो क्लब के शाही संरक्षण से, सिंह इस अद्वितीय और ऐतिहासिक खेल को समर्थन देने के उद्देश्य को आगे बढ़ा रहे हैं।मेरे देश भारत में इतनी प्रसिद्ध और सम्मानित ब्रांड यू.एस. पोलो एसोसिएशन के ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर के रूप में चुना जाना एक सम्मान की बात है, जो पोलो खेल के प्रति इतना विश्वसनीय है। महामहिम, पद्मनाभ सिंह, जयपुर के महाराजा ने कहा। मैं दुनिया भर के प्रशंसकों और उपभोक्ताओं के लिए खेल और फैशन कार्यक्रमों और सोशल मीडिया पर बड़े उत्साह के साथ ब्रांड का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्सुक हूं!

# हिमगिरी पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव



**कुलदीप सिंह**

**समालखा:** हिमगिरी पब्लिक स्कूल, बिहौली रोड़ समालखा में बड़ी धूमधाम व उत्साह के साथ वार्षिक महोत्सव 'उमंग' मनाया गया जिसमें स्कूल की सभी कक्षाओं के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया । मुख्यातिथि संजय छौक्कर वरिष्ठ बी जे पी नेता, राजबीर सिंह चेयरमैन हिमगिरी पब्लिक स्कूल, विशिष्ट अतिथि बलराज, रकम सिंह छौक्कर, रेणु धीमान, जिले सिंह पूर्व सरपंच बिहौली गाँव, रामनिवास पाँचाल, ज्योति कोचर, राजेश राठी, मैनेजर विजयलक्ष्मी राठी, प्रधानाचार्य प्रमोद राठी, कृष्ण गेरा आदि गणमान्य व्यक्तियों ने माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की । सर्वप्रथम पाँचवीं कक्षा की छात्राओं यशिका एंड ग्रुप ने 'माँ सरस्वती वंदना' श्रेष्ठतम प्रोग्राम द्वारा कार्यक्रम का आगाज किया। वहीं सातवीं कक्षा की छात्राओं दीपांशी एंड ग्रुप ने पंजाबी मिक्स गीतों पर नृत्य किया । के.जी. सैक्सन के छोटे-छोटे बच्चों लक्ष्य एंड ग्रुप ने 'हानिकारक बापू' , 'लुंगी डांस' गीतों पर नृत्य कर सबका मन मोह लिया । छोटे बच्चों की मासूमियत, सुंदरता एवं प्रतिभा को देखकर सभी अभिभावक भावविभोर हो गए तथा सारा सदन तालियों से गूंज उठा । चौथी कक्षा की छात्राओं हर्षिका एंड ग्रुप ने मन में देशभक्ति की भावना उत्पन्न करने वाले 'जय माँ भवानी' गीत पर नृत्य किया तो पाँचवीं कक्षा के छात्रों आदित्य एंड ग्रुप ने पंजाबी गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया । तीसरी कक्षा के छात्रों अनंत एंड ग्रुप ने 'राम कहानी' व दूसरी कक्षा के छात्रों आदित्य एंड ग्रुप ने 'केशरी के लाल' धार्मिक गीतों पर नृत्य कर पूरे पण्डाल का वातावरण भक्तिमय बना दिया । छठी कक्षा की रिद्धि एंड ग्रुप ने गरबा डांस, आठवीं कक्षा की मानसी एंड ग्रुप ने पंजाबी मिक्स गीत, छठी कक्षा के हर्ष एंड ग्रुप ने शिव तांडव,चौथी कक्षा के छात्रों आरुष एंड ग्रुप ने वॉलीवुड डांस, प्रथम कक्षा की छात्राओं सृष्टि एंड ग्रुप ने सेव वाटर, आठवीं कक्षा की छात्राओं मानसी एंड ग्रुप ने हरियाणवी आदि गीतों पर नृत्य कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । पाँचवीं कक्षा के बच्चों खुसबू एंड ग्रुप ने आज के ज्वलंत एवं अहम मुद्दे 'सेव वाटर' पर एक लघुनाटिका कर भविष्य में पानी के बिना होने वाली भयावह स्थिति से अभिभवकों को अवगत कराने का प्रयास किया।

**उत्सव**

**8 वंशु एंड ग्रुप ने 'शोसल मीडिया' विषय पर एक लघुनाटिका प्रस्तुत कर शोसल मीडिया के लाभ एवं दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला**

वहीं सातवीं कक्षा के छात्रों वंशु एंड ग्रुप ने 'शोसल मीडिया' विषय पर एक लघुनाटिका प्रस्तुत कर शोसल मीडिया के लाभ एवं दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला ।

# अस्पताल परिसर में किया सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता का आयोजन

**सोनीपत:** नागरिक अस्पताल के आयुष विभाग द्वारा अस्पताल परिसर में हर घर सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन अस्पताल परिसर स्थित हर्बल पार्क में किया गया। जिसमें 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. संजय ने बताया कि विभाग की तरफ से स्कूलों व स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। विभाग की तरफ से चलाएं जा रहे हर घर परिवार सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के तहत 108 सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

# जिला पदाधिकारियों की बैठक आयोजित



**कमाल हुसैन**

**पानीपत: भारतीय** जनता पार्टी के जीटी रोड कार्यालय में भाजपा के जिला पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला प्रधान दुष्यंत भट्ट ने की। जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 25 फरवरी रविवार को प्रातः 10:30 बजे भाजपा कार्यालय (जीटी रोड) में हरियाणा भाजपा अध्यक्ष नायब सैनी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करेंगे और 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के बीच बैठकर सुनेंगे। इससे पूर्व भाजपा विधि प्रकोष्ठ के सह संयोजक एडवोकेट सुभाष सैनी के देशराज कॉलोनी स्थित निवास से मोटर साइकिल रैली उनके स्वागत में चलेगी और देवी मंदिर, स्काईलार्क से होते हुए भाजपा कार्यालय जीटी रोड पर आकर संपन्न होगी इस दौरान मुख्य अतिथि पर फूलों की वर्षा भी की जाएगी` इसके अलावा पानीपत जिला में अनेक स्थानों पर भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम होंगे।

जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने हरियाणा सरकार के नए बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मनोहर सरकार का यह मनोहर बजट हर वर्ग का हितैषी है जिसमें किसान, गरीब, मजदूर, युवा और महिला वर्ग के कल्याण के लिए अनेक प्रावधान किए गए हैं।

# नाबालिग लड़की से छेड़खानी, आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से छेड़खानी करने की वारदात में शामिल आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित जसबीर है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने गत 22 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि आरोपित अक्सर शराब के नशे में घर पर आता है। उसकी नाबालिग बेटी घर पर मौजूद थी। उसी दौरान आरोपित ने उसके साथ अभद्रता करना शुरू कर दिया।

# डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में ग्रेजुएशन डे आयोजित



**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** डी० ए० वी० पुलिस पब्लिक स्कूल में यू० के० जी० कक्षा के छात्रों के लिए ग्रेजुएशन डे का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य पर प्रथम श्रेणी की स्नातक शिक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया। दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती माँ की वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्कूल की प्रधानाचार्या अनुपमा सिन्हा ने कार्यक्रम का हिस्सा बनने वाले सभी अभिभावकों का हार्दिक अभिनंदन किया। तत्पश्चात अभिभावकों ने नन्हे-मुन्नों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम का आनंद उठाया। कार्यक्रम का आधार हमारे राष्ट्रीय प्रतीक रखा गया। नन्हे-मुन्नों ने हमारे राष्ट्रीय चिह्न-अशोक स्तंभ, कमल का फूल, तिरंगा झंडा एवं वंदे मातरम् आदि से संबंधित गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्या ने सभी का तहदिल से धन्यवाद किया। और अनुरोध किया कि समय-समय पर आधुनिक शिक्षा में होने वाले परिवर्तनों की तरफ जागरूक रह कर प्रयोगात्मक एवं क्रियात्मक शिक्षा पर जोर दिया जाए। हमारे नन्हे-मुन्ने शिक्षा के प्रत्येक पहलू को प्रत्यक्ष रूप से ग्रहण कर अपना सर्वांगीण विकास कर पाएँ। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे छात्र आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के साथ विभिन्न क्रियाकलापों में भाग लेते हैं जिससे इनकी छिपी प्रतिभा निखर कर सामने आती है। अंत में प्रधानाचार्या अनुपमा सिन्हा ने सभी बच्चों को प्रथम श्रेणी की स्नातक डिग्री एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और प्रथम कक्षा में प्रवेश पाने हेतु शुभकामनाएँ दी।

**सम्मान**

**8 प्रथम श्रेणी की स्नातक शिक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया**

# वार्ड 20 में 1 करोड़ की 60 लाख की लागत से सड़क का होगा पुनर्निर्माण



**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** पानीपत पानीपत शहरी विधानसभा के वार्ड 20 में 1 करोड़ 60 लाख की लागत से अनेजा पेट्रोल पंप से गुरु तेग बहादुर कॉलोनी तक फोर लेन सड़क का पुनर्निर्माण किया जाएगा क लंबे समय से खास्ता हाल में पड़ी सड़क के पुनर्निर्माण का टेन्डर विधायक प्रमोद विज के द्वारा मुख्यमंत्री मनोहर लाल की विशेष स्वीकृति से कराया जा रहा है क मार्ग बनने से राहगीरों को आवागमन में आसानी होगी क सड़क निर्माण के पुनर्निर्माण के उपरांत सड़क के बीच में डिवाइडर बनाया जाएगा एवं सड़क को जगमग करने हेतु फैंसी लाइट्स लगाई जाएगी क विधायक के द्वारा निर्माण कार्य का शुभारंभ करने पर स्थानीय जनों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए पुष्प वर्षा करके उनका स्वागत किया एवं नारियल तोड़ कर कार्य का शुभारंभ कराया क

वार्ड 22 -23 में बनेगा डिस्पोजल प्लांटः- सालों से बरसाती पानी से जलभराव की समस्या से जूझ रही वार्ड 22- 23 की दस कॉलोनी वासियों को राहत देने के लिए विधायक प्रमोद विज द्वारा 1 करोड़ 91 लाख की लागत से बनने जा रहे डिस्पोजल प्लांट का निर्माण कार्य का शुभारंभ स्थानीय जनों की उपस्थिति में बीते शनिवार को नारियल तोड़ कर किया गया क शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक विज का स्वागत भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों से किया गया एवं स्थानीय निवासियों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से क्षेत्रीय लोग जलभराव की समस्या से परेशान थे लेकिन किसी ने कार्य को गंभीरता से नहीं लिया। विधायक ने अपने वादे के अनुसार समस्या से निजात दिलाने के लिए प्लांट के निर्माण का शुभारंभ प्रारम्भ कराया है। सभी क्षेत्रीय जन विधायक का आभार व्यक्त करते हैं क

अंत्योदय के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है भाजपा सरकारः- प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी की सरकार अंत्योदय के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध सरकार है, जमीनी स्तर पर समस्याओं का समाधान हो इसके लिए पूर्ण रूप से निरंतर प्रतिबद्ध रहता हूं, शीघ्र ही सड़क एवं डिस्पोजल प्लांट का निर्माण पूर्ण होगा एवं जनता की सेवा हेतु समर्पित किया जाएगा।

इस मौके पर मौजूद रहे कार्यक्रम के अवसर पर पूर्व पार्षद अश्वनी ढींगरा, सुनील सोनी मंडल अध्यक्ष दिवाकर मेहता महामंत्री जितेन्द्र रोड़, मुकेश राजपूत एवं वीरेंद्र तनेजा अशोक कालरा एवं समस्त सम्मानित जन मौजूद रहे।

**विकास कार्य**

**8 पुनर्निर्माण का टेन्डर विधायक प्रमोद विज के द्वारा मुख्यमंत्री मनोहर लाल की विशेष स्वीकृति से कराया जा रहा**

# जिले की 4 महिलाओं को मिली ड्रोन की ट्रेनिंग, बनी ड्रोन दीदी



**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** जिला की 4 महिलाओं को ड्रोन दीदी के पायलट परियोजना के तहत ड्रोन की ट्रेनिंग दी गई है। ये ड्रोन दीदी फसलों पर कीटनाशकों के नैनो छिडकाव को गति देंगी। डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने सभी को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई इस योजना के तहत इन चार महिलाओं को विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया है। इससे महिलाओं के स्वावलंबी होने को बल मिलेगा और ये महिलाएं दूसरों के लिए भी प्रेरक बनेंगी। जिला परिषद के सीईओ गौरव कुमार ने कहा कि जिला के स्वयं सहायता समूह की 4 महिलाओं को इसके तहत गुरुग्राम जिला के ड्रोन डेस्टिनेशन सेंटर में 10 दिवसीय ट्रेनिंग दी गई है। यह ट्रेनिंग गुरुग्राम के बिलासपुर में 10 दिन के लिए दी गई थी। जिसमें इन्हें तकनीकी रूप से दक्ष किया गया है। इसके साथ-साथ इनकी ट्रेनिंग के बाद इनका टेस्ट भी लिया गया था और कंप्यूटर पर भी इन्हें दक्ष किया गया है। यह ट्रेनिंग कृभको और चंबल फर्टिलाइजर लिमिटेड की ओर से प्रदान की गई थी

# आदर्श नगर रेलवे स्टेशन पर बने फुटओवर ब्रिज का सांसद ने किया उद्घाटन











**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** शनिवार का दिन दिल्ली के शालीमार बाग और आदर्श नगर के लोगों के लिए बेहद खुशी का दिन रहा। क्योंकि अब आम जनता को आदर्श नगर रेलवे स्टेशन से शालीमार बाग का लम्बा सफर तय नहीं करना पड़ेगा, बल्कि अब वो नए बने फुटओवर ब्रिज के जरिये आसानी से कम समय में शालीमार बाग और आदर्श नगर रेलवे स्टेशन के सफर को तय कर सकते हैं। शनिवार को आदर्श नगर रेलवे स्टेशन पर बने फुटओवर ब्रिज का सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने उद्घाटन किया।

इस मौके पर केशवपुरम जिला भाजपा के जिला अध्यक्ष विरेन्द्र गोयल, निगम पार्षद रेखा गुप्ता, निगम पार्षद सुमन शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया, पूर्व पार्षद गरिमा गुप्ता, अरूणोदय गुप्ता, जिला महामंत्री अशोक भारद्वाज, भाजपा नेता गोविन्द शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष अंकित त्यागी, सत्यपाल शर्मा, महेश अवाना, मंडल अध्यक्ष सुभाष झा, संजय झा, विशाल पाण्डेय, पूर्वांचल मोर्चा जिला अध्यक्ष अनुज सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अविनाश सिंह, रोशन कुमार व कई अधिकारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

आपको बता दें आदर्श नगर रेलवे स्टेशन के ऊपर बने इस फुट ओवर ब्रिज को सांसद डॉ. हर्ष वर्धन ने रिबन काट कर जनता के लिए शुरू किया।

इस मौके पर सांसद ने रेलवे द्वारा किये जा रहे अहम कार्यों की सराहना की और जनता को कार्यों से भी रूबरू कराया। सांसद ने खुद फुटओवर ब्रिज का निरीक्षण करते हुए शालीमार बाग से आदर्श नगर रेलवे स्टेशन का सफर तय किया।





**रेखा गुप्ता, निगम पार्षद:** भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है, आज जो आप देश में विकास देख रहे है, उसका श्रेय केवल भारतीय जनता पार्टी को जाता है। आज सांसद डॉ. हर्षवर्धन के द्वारा आदर्श नगर रेलवे स्टेशन पर बने फुटओवर ब्रिज का उद्घाटन किया गया है। इससे रेलवे स्टेशन पर जाने वाले यात्रियों को अब घुमकर नहीं जाना पड़ेगा।



**राजकुमार भाटिया, पूर्व जिलाध्यक्ष:** भाजपा के कार्यकाल में लोग खुश है और भाजपा के कार्यों की सराहना कर रहे है। क्योंकि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है। मैं आज आदर्श नगर रेलवे स्टेशन पर बने फुटओवर ब्रिज उद्घाटन कार्यक्रम में आये हुए सभी लोगों को बधाई देता हूं। इस कार्य से जनता को सहुलियत मिलेगी।



**अरूणोदय गुप्ता,भाजपा नेता:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा लागू की गई योजनाओ से देश के लोग काफी ज्यादा खुश है और केन्द्र सरकार की योजनाओं की सराहना कर रहे है। आज सांसद डॉ.हर्षवर्धन के द्वारा फुटओवर ब्रिज का उद्घाटन किया गया है। मैं इसके लिए सभी को बधाई देता हूं। इससे लोगों के समय की बचत होगी।

# त्रीनगर विधानसभा: धूमधाम से मनाया गया भाजपा नेता संजय शर्मा का जन्मदिन









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले वार्ड नंबर-63 से भाजपा नेता संजय शर्मा का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम संजय शर्मा ने मंदिर में भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर वार्ड के लोगों की खुशहाली की कामना की। भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा संजय शर्मा का मालाओं-पुष्पगुच्छ देकर और मिठाइयां बांटकर जन्मदिन मनाया गया। तो वहीं इसी मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस दौरान उनको बधाई देने वालों का उनके कार्यालय में उनके शुभचिंतको का तांता लगा रहा। जन्मदिन के कार्यक्रम के मौके पर पार्टी के कई पदाधिकारियों के साथ-साथ पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनको बधाई दी व उनके दीर्घायु की कामना भी की। इसी मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया। जिसमें सैंकडों लोगों की भीड़ देखी गई। अपने जन्मदिन के मौके पर भाजपा नेता संजय शर्मा ने जन्मदिन में शामिल हुए सभी पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# नांगलोई विधानसभा: पानी के बिलों को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: नांगलोई** विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले ज्वालापुरी वार्ड नंबर-45 में लोगों ने पानी के औने-पौने बिलों को लेकर भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय आप विधायक रधुविंद्र शौकिन के नेतृत्व में प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस मौके पर उनके साथ स्थानीय निगम पार्षद संतोष छिलवाल, आप नेता पप्पू छिलवाल, विधानसभा अध्यक्ष दीपक दहिया व पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक रधुविंद्र शौकिन ने बताया कि कोरोनाकाल के दौरान दिल्ली जल बोर्ड की ओर से कोई मीटर रीडर नहीं आया था जिसकी






वजह से लोगों के मीटर की रीडिंग नहीं ली गई थी, और अब विभाग अंदाजा लगाकर लोगों को चार गुना ज्यादा का बिल चुकाने पर मजबूर कर रहा है। **वन टाइम सेटलमेंट योजना फेल करने में लगी है भाजपा:** शौकिन ने आगे बताया कि मामले को लेकर सीएम केजरीवाल ने जल बोर्ड से मीटिंग कर बीच का रास्ता निकाला गया, जिसके तहत वन टाइम सेटलमेंट करके लोगों को बिल भरना होगा, लेकिन भाजपा सरकार व एलजी वन टाइम सेटलमेंट योजना को लागू नहीं करने दे रहे है, जिसकों देखते हुए दिल्ली के सभी निगम वार्ड में वन टाइम सेटलमेंट योजना के तहत प्रदर्शन किया गया।

**एलजी और भाजपा अधिकारियों पर बना रही है दबाव:** आप नेता पप्पू छिलवाल ने बताया कि भाजपा सरकार व एलजी दिल्ली जल बोर्ड पर बिल कम न करने के लिए दबाव बना रहा है व अधिकारियों को नौकरी से निकालने व टर्मीनेट करने की धमकियां दे रहे है, वहीं उन्होनें कहा कि हमारे सीएम केजरीवाल ने दावा किया है कि मैं लोगों के बिल कम करवा कर ही रहूंगा।

# सभी को गरीब व असहाय लोगों की मदद करनी चाहिए: एचसी यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: रक्तदान** महादान होता है, इसलिए मेरी सभी से अपील है कि इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें। जिससे की किसी की जान बचाई जा सके। उक्त बातें एचसी यादव ने कही। रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत



धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। ऐसे में अगर नियमित रूप से रक्तदान करते हैं, तो इससे शरीर बेहतर सेहत की ओर जाता है। उन्होंने आगे बताया कि सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। जिससे की किसी भी गरीब को परेशान न होना पड़े।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर भंडारे का आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला विधानसभा अंतर्गत लामपुर गांव एक्सटेंशन में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के अवसर पर प्रमुख सामाजिक संस्था सतगुरु समन दास समाजसेवी संगठन ने सत्संग एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें आस-पास के सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और गुरु महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अति विशिष्ट अतिथियों पवन खत्री (मोनी) विनोद भारद्वाज, वसंत पवार का संस्था पदाधिकारियो द्वारा माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने संतों के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सुधार में अपना योगदान देने का आवाहन किया। समाज में फैली बुराइयों को दूर करने का संकल्प भी दिलवाया। वहीं संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा कि गुरु रविदास जी ने पूरे विश्व में प्रेम और सद्भाव का प्रकाश फैलाया है जिसको जागृत करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय सचिव एसपी जुन ने कहा कि संत रविदास ऐसे महापुरुष है जिन्होंने जाति धर्म से ऊपर उठकर दुनिया को एकता भाईचारे का संदेश दिया। गुरु ने लगभग 6 दशक तक समाज सुधारक, महान विचारक, समाज सेवक के रूप में काम किया।

संस्था के राष्ट्रीय महासचिव अरुण आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था के राष्ट्रीय कार्यालय में प्रथम तल पर जल्द ही लाइब्रेरी एवं गेस्ट हाउस का निर्माण कराया जाएगा। कार्यक्रम में सतगुरु समन दास समाजसेवी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, राष्ट्रीय सचिव एसपी जून, कोषाध्यक्ष देवेंद्र, अजय दुग्गल, विवेक अग्रवाल, सोनू उजाला, राधा, सचिन, सीताराम, दिनेश, संदीप शेरावत, मनीष, हिमांशु, राम हलवाई, मनीषा, रीना, किरण बाला जून, बबीता, रोहित, दीपक सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 25 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

आदर्श रसोई सप्ताह 48वां

## धूमधाम से मनाया गया आदर्श रसोई के महासचिव पम्मी मल्होत्रा का जन्मदिन

### रिबन काटकर पम्मी मल्होत्रा ने किया आदर्श रसोई का शुभारंभ, मल्होत्रा परिवार का हुआ भव्य अभिनंदन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी 'राकेश भारद्वाज चौक' पर आदर्श रसोई के महासचिव पम्मी मल्होत्रा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आदर्श रसोई के सदस्यों और पदाधिकारियों का उत्साह देखते ही बनता था।

**रिबन काटकर पम्मी मल्होत्रा ने किया आदर्श रसोई का शुभारंभ**

आदर्श रसोई के महासचिव पम्मी मल्होत्रा का जन्मदिन रसोई की टीम ने बड़ी ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से पम्मी मल्होत्रा ने रिबन काटकर किया। इसके उपरांत श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस विशेष मौके पर पूरा मल्होत्रा परिवार मौजूद रहा।

**मल्होत्रा परिवार का हुआ भव्य स्वागत, किया अभिनंदन**

मल्होत्रा परिवार का आदर्श रसोई के



पदाधिकारियों ने मालाएँ पहनाकर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का उत्साह अपने चरम पर था। पम्मी मल्होत्रा के व्यक्तित्व के सभी कायल हैं। हर कोई उनके मृदभाषी, मिलनसार स्वाभाव की बात करता है। हर किसी के सुख-दुख में शामिल होते हैं।

**आदर्श रसोई रूपी परिवार मजबूती से आगे बढ़ रहा: पम्मी मल्होत्रा**

इस विशेष मौके पर पम्मी मल्होत्रा ने कहा कि आज राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके द्वारा बनाया गया आदर्श रसोई रूपी ये परिवार बहुत मजबूत है। उनके विचार आज



भी हम सभी को मार्गदर्शन करते हैं। सभी एकजुटता के साथ इस रसोई के माध्यम से सेवा परमोधर्म का कार्य कर रहे हैं।

**श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत: पम्मी मल्होत्रा**

आदर्श रसोई के महासचिव पम्मी मल्होत्रा ने कहा कि मैं आदर्श रसोई से शुरू से जुड़ा हुआ हूं। देखते ही देखते आदर्श रसोई ने कई आयाम स्थापित कर लिए हैं। समाज का भी हमे भरपूर सहयोग मिला है। मुझे खुशी है कि मैं भी पुण्य के कार्य में एक सहभागी हूँ। यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने आदर्श रसोई को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत की है। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक रूप से मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है।

**पम्मी मल्होत्रा जी के विचार अनुकरणीय: मोहन गर्ग**

इस विशेष मौके पर चेयरमैन मोहन गर्ग ने कहा कि पम्मी मल्होत्रा जी बहुत ही शालीन और यारों के यार हैं। आदर्श रसोई में आकर मुझे एक आत्मिक शांति मिलती है। सुकून का एहसास होता है।

**लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली**

आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने हर बार की तरह लजीज व्यंजनों से सजी थाली सभी को परोसी। आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया

## छत्तीसगढ़वासियों को प्रधानमंत्री ने दी 10 परियोजनाओं की सौगात



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी शनिवार को राजधानी रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने बटन दबाकर 34 हजार 427 करोड़ रुपये की 10 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास कर छत्तीसगढ़ वासियों को विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी। इसमें 18 हजार 897 करोड़ रुपये की लागत वाली 9 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 15 हजार 530 करोड़ रुपये की एक परियोजना का शिलान्यास शामिल है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री राम विचार नेताम सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के स्टॉल भी लगाए गए और उनके हितग्राही भी उपस्थित रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा का यह कार्यक्रम रायपुर पश्चिम विधानसभा में सीएसईबी ग्राउंड, रायपुर दक्षिण विधानसभा में बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर, रायपुर ग्रामीण विधानसभा में ज्ञान प्रकाश स्कूल बीरगांव, अभनपुर विधानसभा में अग्रवाल भवन में, आरंग विधानसभा में हाईस्कूल पारागांव तथा धरसींवा विधानसभा में हाईस्कूल कुरूद सिलयारी में हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने कोयला मंत्रालय अंतर्गत रायगढ़ क्षेत्र में 173.46 करोड़ रुपये की ओपन कास्ट प्रोजेक्ट छाल कोल हेंडलिंग प्लांट, दीपका क्षेत्र में 211.22 करोड़ रुपये की लागत की ओपन कास्ट प्रोजेक्ट दीपका कोल हेंडलिंग प्लांट, रायगढ़ क्षेत्र में 216.53 करोड़ रुपये की लागत के ओपन कास्ट प्रोजेक्ट बरौद कोल हेंडलिंग प्लांट का लोकार्पण किया। इन तीनों ओपन कास्ट प्रोजेक्ट से रेपिड लोडिंग सिस्टम के माध्यम से लोडिंग टाइम में कमी आएगी और ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन कम होगा। मोदी ने प्रधानमंत्री नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय अंतर्गत 907 करोड़ रुपये की लागत से राजनांदगांव जिले के 9 गांवों के 451 एकड़ क्षेत्र में निर्मित 100 मेगावाट एसी/155 मेगावाट डीसी सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया।

## सिम्मी अग्निहोत्री की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू शनिवार को ऊना जिले के हरोली उपमंडल के गांव गोंदपुर जयचंद में उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री की श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा में शामिल हुए। उनका बीते नौ फरवरी को आकस्मिक निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री का आकस्मिक निधन परिवार विशेषकर मुकेश अग्निहोत्री और उनकी बेटी आस्था अग्निहोत्री के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में उन्हें एक-दूसरे का भावनात्मक सहारा बनना होगा। प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री परिवार के लिए एक बड़ी ताकत और सहारा थीं। उनके विचारों और सरल स्वभाव का अनुसरण करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री एक असाधारण शिक्षाविद् होने के साथ-साथ एक कर्मठ सामाजिक कार्यकर्ता भी थीं। शिक्षा एवं सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। महिला उत्थान और सशक्तिकरण के लिए वह प्रेरणास्त्रोत रहेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं विश्वविद्यालय के दिनों से ही उनसे परिचित था और उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सादगी और समर्पण से सर्वश्रेष्ठ मुकाम हासिल किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्हें कभी प्रोफेसर सिम्मी से मिलने का अवसर नहीं मिला।

**श्रद्धांजलि**

**8 प्रो. सिम्मी का आकस्मिक निधन मुकेश अग्निहोत्री और उनकी बेटी आस्था अग्निहोत्री के लिए अपूर्णीय क्षति**

